26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2026
अंक- 19 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना, सांस लेना भी दूभर

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। आज भारत की राजधानी दिल्ली ने पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के सबसे प्रदूषित बड़े शहर का दर्जा हासिल कर लिया। शहर में वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो गई कि इसे खतरनाक श्रेणी में रखा गया। लगभग दो करोड़ आबादी वाले इस महानगर पर घनी धुंध छा गई, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। स्विस समूह आईक्यूएयर के अनुसार दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 334 पहुंच गया, जो खतरनाक स्तर माना जाता है। वहीं भारत के आधिकारिक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे और अधिक गंभीर बताते हुए 403 अंक दिया और 'सीवियर' श्रेणी में रखा। दोनों रीडिंग में अंतर इसलिए है क्योंकि दोनों संगठनों के AQI स्केल और गणना के तरीके अलग-अलग हैं।



वायु प्रदूषण केवल संख्या का खेल नहीं है। यह लोगों के स्वास्थ्य, रोजमर्रा की जिंदगी और अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डालता है। दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में यह समस्या दोहराई जाती है। ठंडी और भारी हवा प्रदूषण को जमीन के पास फंसा लेती है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और आसपास के क्षेत्रों में फसल अवशेष जलाने से निकलने वाला धुआं मिलकर शहर को गैस चैंबर जैसा बना देते हैं। इस बार भी यही हुआ। मुख्य सड़कों पर घनी धुंध छाई रही, स्ट्रीट लाइट्स भी धुंध में छिप गईं और कारें तथा मोटरसाइकिलें धीरे-धीरे निकलती दिखीं। एयर क्वालिटी इंडेक्स वायु में मौजूद जहरीले कणों की मात्रा को मापता है। जब यह 50 तक होता है तो हवा अच्छी मानी जाती है। स्वास्थ्य पर बहुत कम खतरा रहता है। 300 से ऊपर जाने पर स्थिति खतरनाक हो जाती है। दिल्ली में 334 और 403 के आंकड़े बताते हैं कि हवा में सूक्ष्म कण पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा बहुत ज्यादा है।

मेरा फोन टैप किया जा रहा है- राहुल गांधी



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि उनका फोन टैप कराया जा रहा है। उन्होंने कहा, मेरे सभी आरोपों के सबूत मेरे फोन में हैं, जिसे प्रधानमंत्री टैप करा रहे हैं। वन-ऑन-वन बहस से यह साबित हो जाएगा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है, देश विरोधी कौन है और कब से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है। ऐसी कई दूसरी जानकारियां भी हैं, जो मुझे पता हैं और मेरे फोन में मौजूद हैं। नेता राहुल गांधी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने दावा किया कि अगर दोनों के बीच वन-ऑन-वन बहस हुई तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इंस्टाग्राम पर आस्क मी सेशन के दौरान राहुल से पूछा गया था कि जब बीजेपी संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस पर जोर क्यों दे रहे हैं।

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट सर्विसेस 12 घंटे से ठप

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की कई जरूरी ऑनलाइन सेवाएं करीब 12 घंटे से ठप है। इससे ईमेल भेजने, ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने जैसे काम रुक गए। वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, अकेले माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक न चल पाने की 1.40 लाख से ज्यादा शिकायत दर्ज कराई गई है। इस खराबी का असर सिर्फ दफ्तरों तक नहीं रहा, बल्कि स्कूल, अस्पताल और सरकारी कामकाज भी ठप हो गए। वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक यह आउटेड भारतीय समयानुसार गुरुवार रात 9:45 बजे शुरू हुआ। यह तकनीकी समस्या कम से कम 8 घंटे तक लगातार बनी रही। खराबी शुरू होने के महज एक घंटे के भीतर ही इसका असर दुनिया के 74 देशों तक फैल गया और करोड़ों लोगों का डिजिटल कामकाज रुक गया।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

हल्दौर साहिब जहां पड़े थे गुरु नानक देव के चरण

–हरमन्दर सिंह

खासपुरा (चिंगारी)। जिला बिजनौर का हल्दौर साहिब सिर्फ एक कस्बा नहीं, बल्कि इतिहास में दर्ज एक पावन धरती है। इतिहास कहता है कि हल्दौर की पहचान राजा कमल नैन के बाग और पशुबाड़ा से जुड़ी है। यही वह स्थान है जहां श्री गुरु नानक देव जी ने अपनी उदासी के दौरान चरण रखे थे।

श्री गुरु नानक देव जी की चार उदासियों में पहली यात्रा पूर्वी भारत की थी, जिसमें हरिद्वार, मथुरा, वाराणसी, प्रयागराज जैसे क्षेत्रों की यात्रा की गई। सन् 1500 ई. के बीच में गुरु जी हरिद्वार पहुंचे। वहां उन्होंने पंडों को सूर्य को जल देते देखा तो गुरु जी पंजाब में अपने खेतों में जल देने लगे। पंडों के पूछने पर गुरु जी ने कहा कि जब आपका जल सूर्य तक पहुंच



सकता है, तो मेरा जल मेरे खेतों तक क्यों नहीं पहुंचेगा। इस प्रकार पंडों को निरुत्तर कर गुरु जी हरिद्वार से कोटद्वार, नजीबाबाद होते हुए हल्दौर राजा कमल नैन के बाग में रुके और पशुबाड़ा में विश्राम किया।

बाग का रखवाला धर्मदास ने राजा को बताया कि कोई सूफी संत फकीर बाबा पशुबाड़ा बाग में विश्राम कर रहे हैं, जिनकी मधुर वाणी और नूरानी चेहरे से ऐसा महसूस हो रहा है मानो परमपिता परमेश्वर का स्वरूप हो। राजा दर्शन के लिए आये, गुरु जी की बहुत सेवा की और उपदेश सुना। राजा ने वर मांगा कि यह स्थान युगों–युगों तक जाना जाए और लोगों में प्रेम–सद्भावना रहे। गुरु जी ने कहा कि यह पशुबाड़ा नानक बाग कहलाया जाएगा, जो आज गुरुद्वारा श्री गुरु नानक बाग साहिब हल्दौर है। गुरु जी ने आशीर्वाद दिया कि यह स्थान हरिद्वार की तरह पवित्र धाम बनेगा। यही इतिहास गुरुद्वारे में लगी पत्थर की पट्टिका पर भी अंकित है।

गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार– ज्ञानी सतनाम सिंह का कहना है कि यहां पहले पुरातन दरबार था, सिख पंथ के महान सेवादार बाबा हरबंस सिंह जी दिल्ली वालों के द्वारा व पांच प्यारों के दिशा–निर्देशों द्वारा दरबार साहिब की सेवा सन् 2000 से प्रारंभ कराई गई, जिनके पश्चात बाबा बचन सिंह जी द्वारा इस सेवा को पूरा किया गया।



ओमकुमार ने मुख्यमंत्री से दिलाये थे 50 लाख

दरबार साहिब के निर्माण से पहले ही लोगों की यहां आस्था है। हमारे पूर्वज ज्ञानी निहाल सिंह जी यहां रहते थे। यहां सभी की मनोकामना पूरी होती है। मेरे कार्यकाल में 2021 में संगत के साथ, जिसमें मिक्का सिंह, शेरा सिंह, क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार से मिले थे। उन्होंने ही मुख्यमंत्री द्वारा सहायता कराकर 50 लाख रुपये की मदद कराई थी, जो 2022 में मंजूर हुआ था और 2023 में पूरा हुआ था, जिससे गुरुद्वारे के सामने बड़ा हॉल, टॉयलेट, बाथरूम का निर्माण कराया गया।

–गुरुद्वारे के पूर्व प्रधान जसविंदर सिंह

हर महीने मसीहा को विशेष कीर्तन दरबार आयोजित होता है, गुरु का लंगर चलता है और सालाना गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार सजाया जाता है।

–वर्तमान प्रधान हरविंदर सिंह दिगवा

हमारी सरकार से यही मांग है कि हल्दौर रेलवे स्टेशन का नाम हल्दौर साहिब व हल्दौर चौराहे के मुख्य द्वार पर गुरु नानक देव जी के नाम से स्मृति द्वार बनाया जाए।

– जरनेल सिंह

हम संगत के साथ- ओमकुमार

क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार का कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की ऐतिहासिक धरोहर योजना के तहत दरबार साहिब हल्दौर को 50 लाख रुपये की सहायता राशि से निर्माण कार्य की सेवा कराई गई थी। उन्होंने कहा कि आगे भी संगत का कोई कार्य रहेगा तो हम संगत के साथ हैं और कार्य कराए जाएंगे।

500वें प्रकाश पर्व पर निकली ऐतिहासिक जागृति यात्रा

श्री गुरु नानक देव जी के 500वें प्रकाश पर्व पर बिजनौर संगत द्वारा एक ऐतिहासिक जागृति यात्रा निकाली गई थी। यह यात्रा बाबा नरेंद्र सिंह जी, बाबा कुलवंत सिंह जी, बाबा बलविंदर सिंह जी मुख्य सेवादार हजूर साहिब नांदेड़ के दिशा–निर्देशों और संगत गुरु महाराज के आशीर्वाद और दिल्ली प्रबंधक कमेटी के सहयोग से निकली थी। यात्रा में विशेष सहयोगी नांदेड़ साहिब की संगत भी थी, जिसमें कश्मीर सिंह भट्टी आदि मौजूद थे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्री गुरु नानक देव जी का और हल्दौर साहिब का प्रचार–प्रसार और गुरु नानक देव जी के आदेशों का प्रचार करना था। यह यात्रा एक महीने तक भारत के अलग–अलग क्षेत्रों से होती हुई बिदर साहिब जाकर समाप्त हुई थी।

पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चालकों के चालान काटे

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आजाद चौक पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों की जांच कर बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के चालान काटे गए। बिजनौर में नये पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई के चार्ज संभालने के बाद से पुलिस व्यवस्था में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। नगर के मौहल्ला चारबाग नई बस्ती क्षेत्र में रहने वाली करीब 14 वर्षीय बालिका आठ नवंबर की सुबह दुकान से अंडे लेने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सुल्तान ने उसे अपने घर बुला लिया व छत पर बने कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बालिका की छोटी बहन ने भी आरोपी की इस हरकत को देखा। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह आठ व नौ नवंबर को थाना नजीबाबाद पहुंची, लेकिन उसकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दस नवंबर को उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुल्तान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।



कार व 5 लाख की मांग को लेकर घर से निकाल दिया धक्के देकर (पेज 12)

ओवैसी-चन्द्रशेखर का मेल, बिगाड़ेगा सपा और भाजपा का खेल

बिजनौर (चिंगारी)। नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी और असदुददीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के बीच चुनावी गठबंधन से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्मा गई है। इस गठबंधन का प्रदेश की दलित व मुस्लिम बहुल सीटों पर समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है। विशेषकर बिजनौर जनपद की सभी आठों सीटों पर समीकरण बदल सकते हैं। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर चुनाव परिणाम प्रभावित होंगे।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि अगर इस गठबंधन के नीचे दलित-मुस्लिम गठजोड़ पुख्ता हुआ तो समाजवादी पार्टी व भाजपा के सामने दिक्कतें आ सकती हैं। सपा को ज्यादा नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

2024 के चुनाव में चन्द्रशेखर ने नगीना लोकसभा सीट पर जबरदस्त सफलता प्राप्त की थी। इस लोकसभा के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में चन्द्रशेखर ने भारी मतों से बढ़त बनाई थी। चन्द्रशेखर को दलितों के साथ-साथ मुस्लिमों का एकतरफा समर्थन मिला था। अगर आगामी विधानसभा चुनाव में भी वही पैटर्न रहा तो सपा और भाजपा का सूपड़ा साफ हो सकता है।

नगीना में जीत के बाद चन्द्रशेखर के कदम थमे नहीं। उन्होंने लगातार जनता से सम्पर्क बनाये रखा। साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत किया। आज हर क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी का संगठन काम कर रहा है। आसपा के कार्यकर्ता सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आते हैं। आसपा कार्यकर्ता ओवैसी का साथ मिलने से दलित-मुस्लिम समीकरण और मजबूत होने की उम्मीद जता रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी के पीडीए के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो सकती है। सपा में गुटबाजी भी पूरे शबाब पर है। सपा के



पदाधिकारी और बड़े नेता हर समय एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे रहते हैं। संगठन का कोई काम कहीं नजर नहीं आता। अधिकतर सपा नेता पदों पर कुंडली मारे बैठे हैं, मगर पार्टी का काम करने को तैयार नहीं हैं। पार्टी की बूथ पर कोई तैयारी नहीं है। टिकट के दावेदार नेता पीडीए के भरोसे बढ़-चढ़कर दावे कर रहे हैं।

दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में भी गुटबाजी चरम पर है। पार्टी के नेता एक-दूसरे का मुंह देखने को भी तैयार नहीं हैं। विरोधी को नीचा दिखाने के लिये पार्टी की जड़ें खोद रहे हैं। उधर, भाजपा नेताओं को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। प्रभारी मंत्री से लेकर बूथ लेवल के कार्यकर्ता तक को जनसमस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि ओवैसी और चन्द्रशेखर के गठबंधन को लेकर भाजपाई उत्साहित हैं, लेकिन दलित-मुस्लिम समीकरण का उनके पास कोई विकल्प नहीं है। एंटीइन्कम्बेंसी का खामियाजा भाजपा को आगामी चुनाव में हर हाल में उठाना पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव में ऐसा था पार्टियों का प्रदर्शन

विधानसभा	रालोद/भाजपा	सपा	बसपा	आसपा
बिजनौर	88438	89429	41958	
चांदपुर	78075	88691	29149	
नजीबाबाद	68943	39318	3569	102541
नगीना	68880	26481	3095	112518
धामपुर	73680	15363	2059	90518
नहटौर	72520	7732	2574	103544
नूरपुर	75728	13210	1915	102691
बढ़ापुर	99450	103426		

लोकसभा चुनाव में भाजपा जिले की सभी 8 सीटों पर पिछड़ गई थी

2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों की नजर से भी देखें तो जिले की सभी आठ सीटों पर भाजपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा था। हालांकि बिजनौर सीट पर भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान की जीत हुई थी, लेकिन बिजनौर जनपद की दोनों विधानसभा बिजनौर व चांदपुर में सपा प्रत्याशी दीपक सैनी को ज्यादा वोट मिले थे। चांदपुर क्षेत्र में सपा ने भाजपा-रालोद को 10 हजार से भी अधिक वोटो से पीछे छोड़ दिया था। बिजनौर में सपा को मामूली बढ़त मिली थी। उधर, नगीना लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में आसपा के चन्द्रशेखर को जबरदस्त समर्थन मिला था। उधर, मुरादाबाद लोकसभा के बढ़ापुर क्षेत्र में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को बढ़त प्राप्त हुई थी। भाजपा की सारी उम्मीदें मुस्लिम वोटों के विभाजन पर टिकी हुई हैं। जबकि मुसलमान उसी पार्टी/गठबंधन या प्रत्याशी का एकजुट समर्थन करेंगे, जो भाजपा को हराने में सक्षम होगा। इस दृष्टि से भाजपा के सामने गंभीर चुनौती है। सपा का भी खेल बिगड़ने और पीडीए के बिखरने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

भाकियू भानु ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

बिजनौर (चिंगारी)। पत्रकारों की सुरक्षा और उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए दुर्घटना बीमा चार करोड़ रुपये किए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने आवाज बुलंद की। यूनियन ने गन्ना समिति परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं समीक्षा संगठन प्रभारी उत्तर प्रदेश वीरेंद्र सिंह गुर्जर प्रधान ने किया। ज्ञापन में पत्रकारों का दुर्घटना बीमा चार करोड़ रुपये किए जाने की मांग उठाई गई। संगठन का कहना है कि पत्रकार विषम परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर खबरें पहुंचाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और परिवारों के आर्थिक भविष्य को देखते हुए सरकार को पत्रकारों के लिए पर्याप्त दुर्घटना बीमा की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अतुल कुमार शर्मा, राष्ट्रीय मुख्य उपाध्यक्ष भाग सिंह, जिला प्रभारी विनोद कुमार, युवा मंडल अध्यक्ष शारिक मलिक, मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद सागर, युवा प्रदेश महासचिव फरहाज पठान, जिला महासचिव यशपाल सिंह, जिला सचिव महेंद्र सिंह, मौ. अयान सैफी, मौ. अल्तमश, समीर अली, जिला अध्यक्ष अतुल शर्मा, साहिल, सुहेल, हिमांशु कुमार, कपिल कुमार, सुरेंद्र कश्यप, पवन सिंह और ओमपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।



भली लगे या बुरी...

मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की

एसआईआर का मुद्दा सुलझने की जगह लगातार उलझता ही जा रहा है। जाहिर है कि ऐसे में ठोस बदलाव के बिना हालात में जमीनी सुधार की कल्पना नहीं की जा सकती। फिलहाल स्थिति यह है कि 'मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की'। अभी तक या तो विभिन्न स्तरों पर मतदाता सम्बन्धी विभिन्न फार्मों का प्रारूप घटाने बढ़ाने की चर्चाएं चल रहीं हैं या विभिन्न गड़बड़ियों में सुधार से सम्बन्धित कार्यवाही आदि जारी है। हालांकि मुद्दा अब इससे आगे बढ़ चुका है और इसके चलते नये-नये और अधिक विवाद आये दिन खड़े हो रहे हैं। अब कथित तौर पर कहा जा रहा है कि वोटर आईडी से ही सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा। इस पर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर दोहराया है कि न केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें बल्कि एसआईआर पर भी रोक लगे, तभी चुनाव प्रक्रिया पर हमारा विश्वास कायम हो सकता है। न्यायपालिका हो या चुनाव आयोग, भाजपा हो या उसके समर्थक दल, जो कुछ कह रहे हैं, उससे ऐसा नहीं लगता कि एसआईआर की समूची प्रक्रिया पर लग रहे आरोपों के प्रति वे वास्तव में गंभीर हैं। कभी कहा जाता है कि विपक्ष की एक दिन की रैली से दिल्ली के व्यापारियों का काफी नुकसान हो गया, मतदाता सूची सम्बन्धी फार्मों में फलां सुधार किया जा रहा है और ऐसे में आये दिन विपक्ष को किसी भी तरह अपनी अहिंसक और लोकतांत्रिक भूमिका निभाने से रोकने के लिए सौ-सौ तर्क दिये जा रहे हैं। कभी कहा जाता है कि धरना प्रदर्शन एक जगह पर अनिश्चितकालीन नहीं हो सकता, तो कभी कहा जाता है कि कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन हो रहा है, जबकि असली सवाल यह है कि मतदाता सूचियों के प्रति देश की जनता का विश्वास कैसे फिर से स्थापित हो। जिस तरह से भाजपा मानो चुनाव आयोग की ओर से जवाब देने की अघोषित भूमिका निभा रही है, उससे ऐसा लगता है कि इस समस्या को यथाशीघ्र सुलझाने के प्रति जरूरी गंभीरता का दूर-दूर तक अभाव है। विपक्ष के सड़कों पर अहिंसक प्रदर्शनों और सभाओं से लोकतंत्र और मजबूत होता है, मगर भाजपा यहां तक चुनाव आयोग के बचाव में आगे बढ़ चुकी है कि उसे जगह-जगह 'लोकतंत्र बचाओ' जैसी रैलियां करनी पड़ रही हैं।

सूर्य उपासना का महापर्व

डाला छठ



सौभाग्य, आरोग्य व सर्वसुख प्रदाता छठव्रत



प्रत्यक्ष देव भगवान सूर्यदेव की आराधना से जीवन में हर्ष, उमंग, उल्लास व ऊर्जा का संचार होता है। सूर्यदेव की महिमा में रखने वाला डाला छठ, जिन्हें छठपर्व भी कहते हैं। कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि से प्रारम्भ होगा, जिसका समापन कार्तिक शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि के दिन होता है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि इस बार भगवान सूर्यदेव की आराधना का चार दिवसीय महापर्व आज 13 नवम्बर, शुक्रवार से प्रारम्भ होकर 16 नवम्बर, सोमवार तक चलेगा। सुख-समृद्धि, खुशहाली के लिए सृष्टि के नियंता भगवान सूर्यदेव की महिमा अपरम्पार है।

धार्मिक पौराणिक मान्यता

सूर्य षष्ठी के व्रत से पाण्डवों को अपना खोया हुआ राजपाट एवं वैभव प्राप्त हुआ था। एक मान्यता यह भी है कि कार्तिक शुक्ल षष्ठी के सूर्यास्त तथा सप्तमी तिथि के सूर्योदय के मध्य वेदमाता गायत्री का प्रादुर्भाव हुआ था। ऐसी भी पौराणिक मान्यता है कि भगवान राम के वनवास से लौटने पर राम और सीता ने कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि के दिन उपवास रखकर प्रत्यक्ष भगवान सूर्यदेव की आराधना कर तथा सप्तमी तिथि के दिन व्रत पूर्ण किया था। इस अनुष्ठान से प्रसन्न होकर भगवान सूर्यदेव ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया था। फलस्वरूप सूर्यदेव की आराधना का छठपर्व मनाया जाता है। इस चार दिवसीय पर्व में भगवान सूर्य की ही आराधना का विधान है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि सूर्य की आराधना का चार दिवसीय महापर्व 16 नवम्बर, सोमवार तक चलेगा।

★कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि (12 नवम्बर, गुरुवार को सायं 6 बजकर 10 मिनट पर लगी, 13 नवम्बर को मूल नक्षत्र सायं 5/18 तक)

13 नवम्बर, शुक्रवार को व्रत का प्रथम नियम-संयम

★कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि आज (13 नवम्बर, शुक्रवार को रात्रि 8 बजकर 43 मिनट पर लगेगी, 14 नवम्बर को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 8/25 तक)

14 नवम्बर, शनिवार को द्वितीय संयम (एक समय खरना)

★कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि (14 नवम्बर, शनिवार को रात्रि 11 बजकर 25 मिनट पर लगेगी, 15 नवम्बर को उत्तराषाढ़ा रात्रि 11/29 तक)

15 नवम्बर, रविवार को व्रत के तृतीय संयम के अर्न्तगत सायंकाल अस्ताचल (अस्त होते हुए) सूर्यदेव को प्रथम अर्घ्य दिया जाएगा।

★कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि (15 नवम्बर, रविवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात 2 बजकर 02 मिनट पर लगेगी, प्रात:काल श्रवण नक्षत्र रहेगा) 16 नवम्बर, सोमवार को चतुर्थ एवं अन्तिम संयम के अन्तर्गत प्रात:काल उगते हुए सूर्यदेव को द्वितीय अर्घ्य देकर छठ व्रत का पारण किया जाएगा।

कैसे करें पूजा

ज्योतिषविद श्री विमल जैन के मुताबिक इस चार दिवसीय महापर्व पर सूर्यदेव की पूजा के साथ माता षष्ठी देवी की भी पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस पर्व पर नवीन वस्त्र, नवीन आभूषण पहनने की परम्परा है। यह व्रत किसी कारणवश जो स्वयं न कर सकें, वे अन्य व्रती को अपनी ओर से समस्त पूजन सामग्री व नकद धन देकर अपने व्रत को सम्पन्न करवाते हैं। श्री विमल जैन ने बताया कि प्रथम संयम 13 नवम्बर, शुक्रवार चतुर्थी तिथि के दिन सात्विक भोजन, जिसमें कद्दू या लौकी की सब्जी, चने की दाल तथा हाथ की चक्की से पीसे हुए गेहूं के आटे की पूड़ियां ग्रहण की जाती हैं, जिसे नहाय-खाय के नाम से जाना जाता है। अगले दिन 14 नवम्बर, शनिवार पंचमी तिथि को सायंकाल स्नान-ध्यान के पश्चात प्रसाद ग्रहण करते हैं, जो कि धातु या मिट्टी के नवीन बर्तनों में बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में (नये चावल से बने गुड़ की खीर) ग्रहण किया जाता है, जिसे अन्य भक्तों में भी वितरित करते हैं, इसे खरना के नाम से भी जाना जाता है। तत्पश्चात व्रत रखकर 15 नवम्बर, रविवार षष्ठी तिथि के दिन सायंकाल अस्ताचल (अस्त होते हुए) सूर्यदेव को पूर्ण श्रद्धाभाव से अर्घ्य देकर उनकी पूजा की जाएगी। पूजा के अन्तर्गत भगवान सूर्यदेव को एक बड़े सूप या डलिया में पूजन सामग्री सजाकर साथ ही विविध प्रकार के ऋतुफल, व्यंजन, पकवान, जिसमें शुद्ध देशी घी का गेहूं के आटे तथा गुड़ से बना हुआ ठोकवा प्रमुख होता है, भगवान सूर्यदेव को अर्पित किया जाता है।

अन्तिम दिन 16 नवम्बर, सोमवार सप्तमी तिथि के दिन प्रात:काल उगते हुए सूर्यदेव को धार्मिक विधि-विधान से अर्घ्य देकर छठव्रत का पारण किया जाएगा। यह व्रत मुख्यत: महिलाएं ही करती हैं। आजकल पुरुष भी इस व्रत को करने लगे हैं। इस पर्व पर जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य हेतु परिवार के समस्त सदस्य पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी सहभागिता निभाते हैं।

ज्योतिर्विद श्री विमल जैन
मो. : 09335414722

प्रेरक-प्रसंग

अगर राष्ट्र और समाज को हमारी संतान की जरूरत हो तो संतान को रोकना नहीं चाहिए!

शिव-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय स्वामी का पालन-पोषण 6 कृतिकाओं ने किया था, इस वजह से उनका नाम कार्तिकेय पड़ा था। जब भगवान शिव और माता पार्वती ने अपने सेवक भेजकर बालक कार्तिकेय को कैलाश पर्वत पर बुला लिया था। शिव जी और पार्वती जी बहुत आनंद में थे कि उनका पुत्र उनके पास वापस आ गया है। देवताओं ने इस बच्चे को विद्या, शक्ति, अस्त्र-शस्त्र दे दिए। लक्ष्मी जी ने एक दिव्य हार दिया। सरस्वती जी ने सिद्ध विद्याएं दीं। कैलाश पर महोत्सव मनाया जा रहा था। उस समय सभी देवता शिव-पार्वती के पहुंचे और बोले, तय ये हुआ है कि ये बालक तारकासुर नाम के असुर को मारेगा, जिसने हमें बहुत परेशान कर रखा है। आपका ये बालक जिसे हम सब कुमार कहते हैं, आपके पास आ गया है। अब आप इसे हमें सौंप दीजिए। इसके पास इतनी योग्यता है कि ये देवताओं का सेनापति बन सकता है। शिव-पार्वती ने विचार किया कि पुत्र अभी-अभी आया है, लेकिन लोक कल्याण के लिए हमें इसे सौंप देना चाहिए। उन्होंने कार्तिकेय को आशीर्वाद देकर भेज दिया। कार्तिकेय ने तारकासुर का वध कर दिया।

सीख : इस कथा का संदेश ये है कि माता-पिता अपनी संतान को योग्य बनाएं, इसमें कोई कमी न रखें, योग्य संतान को समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाएं। जब समाज और राष्ट्र को हमारी योग्य संतान की जरूरत हो तो उन्हें रोकना नहीं चाहिए। जब बच्चे समाज और राष्ट्र के लिए अच्छे काम करेंगे तो पूरे परिवार और वंश को मान-सम्मान मिलता है, जैसा कार्तिकेय स्वामी ने शिव-पार्वती का नाम ऊंचा किया था।

चंद्रशेखर व औवेसी के गठबंधन के बाद नजीबाबाद की सियासत में उबाल

आसपा व एआईएमआईएम से टिकट मांग रहे दावेदारों में बढ़ी बेचैनी

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी व एआईएमआईएम गठबंधन का ऐलान होने के बाद नजीबाबाद की सियासत में उबाल आ गया है। इसके बाद आसपा व एआईएमआईएम से चुनाव लड़ने को यहां से टिकट मांग रहे दावेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। यह तीसरा मोर्चा विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण में बदलाव ला सकता है। नजीबाबाद विधानसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट है। ओवैसी व चंद्रशेखर के बीच गठबंधन से बना तीसरा मोर्चा राजनीतिक दलों के समीकरणों को गड़बड़ा सकता है। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर से गठबंधन विधान सभा चुनाव के नए समीकरण के साथ तैयारी में जुटे क्षेत्रीय नेताओं के लिए चिंता लेकर आया है। आजाद समाज पार्टी से राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर नगीना लोकसभा सीट से सांसद हैं। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से उन्हें 1,01,541 मत मिले थे। भारतीय जनता पार्टी के ओम कुमार को 68,943 व समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार को नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से 39,318 मत मिले थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक हाजी तसलीम अहमद को 1,02,775 मत, भाजपा के भारतेंद्र सिंह को 78,905 व बीएसपी के शाहनवाज खलील को 44,727 मत मिले थे। विधानसभा में वर्तमान में लगभग 3,24,000 मतदाताओं में करीब 1,72,000 से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। आजाद समाज पार्टी से दो जनप्रतिनिधियों नगर पालिका नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी व फहीम अंसारी एडवोकेट सहित कई लोग टिकट मांग रहे हैं। जबकि पिछले दिनों नजीबाबाद में आयोजित औवेसी की जनसभा के बाद एआईएमआईएम के प्रत्याशी के रूप में पूर्व प्रधान आफताब अंसारी का नाम चर्चा में आया था। मगर अब चंद्रशेखर व औवेसी के गठबंधन के बाद नजीबाबाद सीट से आसपा का प्रत्याशी सामने आएगा या एआईएमआईएम का इसे लेकर टिकट के दावेदारों में बेचैनी काफी बढ़ गई है। उधर इस गठबंधन के बाद कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इसका उन्हें फायदा मिलेगा तथा भाजपा की बहुमत के साथ सरकार बनेगी। समाजवादी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे उनके गठबंधन प्रत्याशी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सभी जानते है औवेसी हर जगह केवल मुस्लिमों के वोट कटवाकर भाजपा को लाभ पहुंचाने का काम करते है। उधर राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ओवैसी-चंद्रशेखर के बीच गठबंधन से मुस्लिम वोटों में बंटवारा हो सकता है लेकिन अधिक प्रभाव पड़ेगा इसकी उम्मीद कम है।

खुर्शीद मंसूरी ने फूंका मिशन 2027 का बिगुल, 50 हजार वोटों से जीत का दावा

चंद्रशेखर व औवेसी के गठबंधन पर खुशी जाहिर की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भावी प्रत्याशी एवं नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में मिशन 2027 को लेकर रणनीति तैयार करते हुए चुनाव प्रचार को गांव-गांव व बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में नजीबाबाद विधानसभा को चार प्रमुख जोन में विभाजित किया गया, जिसमें भागूवाला, नांगल, जोगीरम्पुरा व हुसैनपुर क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक जोन में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए नियमित बैठकें आयोजित करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। खुर्शीद मंसूरी ने कार्यकर्ताओं से 26 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित रैली में नजीबाबाद विधानसभा से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट जाएं व आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस लें। बैठक में असदुद्दीन ओवैसी व चंद्रशेखर आज़ाद के बीच गठबंधन की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को मुबारकबाद दी गई। वक्ताओं ने इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अब्दुल्ला गुलज़ार ने बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि नजीबाबाद विधानसभा में खुर्शीद मंसूरी 50 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि हमारा चुनावी मुकाबला भाजपा से है। नजीबाबाद की जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। हाजी गफ्फार कुरैशी की अध्यक्षता एवं मुफ्ती उवैस के संचालन में बैठक में मुस्तफा प्रधान, सरदार जगमीत चहल, पूर्व प्रधान अब्दुल हई, अब्दुल्ला प्रधान सबलपुर बीतरा, इमरान एड., जोली एड., नवाब एड., लतीफ एड., जैनुल, दानिश, अशरफ, सलीम अंसारी, अल्ताफ, कफील अंसारी, कादिर, अनस, अशरफ, शाहिद, अकबर, कासिम, नौशाद सरवरी, नदीम राईन, रवीश, समीर शेख मौजूद रहे।





अमीनाबाद और बगवाड़ा में डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने किया जनसंपर्क



बिजनौर (चिंगारी)। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद एवं बगवाड़ा में भाजपा के संभावित प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से विभिन्न सामाजिक एवं क्षेत्रीय विषयों पर आत्मीय संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं विचारों को सुना। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत का स्नेह एवं अपनत्व के साथ स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों से मिले सहयोग, सम्मान और आशीर्वाद के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष अमित सैनी, सुरेश कुमार, विदेपाल सिंह, विनोद कुमार सिंह, महिपाल सिंह, हरभजन सिंह, नंदकिशोर सिंह, नंदराम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं सुनील कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, रामकिशोर सिंह, विनोद कुमार, हरकिशन सिंह, भूपेंद्र सिंह एवं ओंकार सिंह ने भी जनसंपर्क कार्यक्रम में सहभागिता की। डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने ग्रामवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता से मिल रहा स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद किया।



जय भीम! जय मीम!

उ.प्र. में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से एआईएमआईएम और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का गठबंधन कर



सामाजिक परिवर्तन मोर्चा

बनाये जाने पर दोनों पार्टियों के मुखिया जनाब असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद जी को दिली मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं



शुभाकांक्षी- हाजी मौ. अहसान
वरिष्ठ समाजसेवी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र, शेरकोट (बिजनौर)

एम्स ऋषिकेश में 'व्हाइट कोट सेरेमनी' का आयोजन

ऋषिकेश (चिंगारी)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित संस्थान के पांचवे व्हाइट कोट सेरेमनी' आयोजन के दौरान एमबीबीएस वर्ष 2026 बैच प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मेडिकल प्रोफेशन की शपथ ली। इस दौरान भावी डॉक्टरों को व्हाइट कोट की गरिमा, चिकित्सा पेशे की जिम्मेदारी और मरीजों के प्रति सेवा भाव के समर्पण का संदेश दिया गया।

संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित समारोह में दिल्ली एम्स के निदेशक प्रोफेसर निखिल टंडन और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. निखिल टंडन ने विद्यार्थियों से कहा कि व्हाइट कोट



केवल एक पोशाक ही नहीं बल्कि यह अनुशासन, सेवा, समर्पण और जवाबदेही का प्रतीक भी है। प्रो. टंडन ने कहा कि डॉक्टर बनने के साथ ही मेडिकल के विद्यार्थियों पर देश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और प्रत्येक मरीज के प्रति पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी निभाने का दायित्व भी बढ़ जाता है। डॉ. राजीव बहल ने आह्वान किया कि वे भारतीय चिकित्सा ज्ञान और उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए अपने पेशे में उत्कृष्टता हासिल करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद चिकित्सा क्षेत्र में विशेष योगदान देकर अपनी पहचान देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित करें। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने मेडिकल छात्रों को व्हाइट कोट की महत्ता बतायी। कहा कि इस समारोह के माध्यम से मेडिकल के छात्र चिकित्सीय पेशे की जिम्मेदारियों से अवगत होते हुए नैतिक मूल्यों को स्थापित करने और चिकित्सा अनुसंधान एवं वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम होंगे।

चमन सिंह की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

धामपुर (चिंगारी)। पुराना धामपुर हुसैनपुर में विवादित जमीन की पैमाइश करने तहसील से टीम गई। जांच टीम में नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, लेखपाल प्रभात कुमार और छत्रपाल सिंह आदि शामिल रहे। चमन सिंह की शिकायत पर जांच करने पहुंची, टीम ने दोनों पक्षों से वार्ता की। दोनों पक्षों से अपना-अपना पक्ष रखने के लिए कागजों की मांग की गई।



शिकायतकर्ता चमन सिंह ने बताया कि इन लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसको कब्जा मुक्त करने के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरे पक्ष से कमलेश कुमार, नरेश कुमार, अनुज कुमार, योगेंद्र सिंह, सरजीत सिंह आदि रहे। नायब तहसीलदार राजकमल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से सबूत साक्ष्य के रूप में कागज मांगे गए हैं, जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नुमाइश को लेकर हिन्दू संगठन व रामलीला समिति आमने-सामने

धामपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के लोगों के मनोरंजन के लिए नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में लगने वाली नुमाइश का जहां हिंदू सुरक्षा सेवा संगठन ने विरोध करना शुरू कर दिया है, वहीं श्री बाग रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने संगठन का विरोध करना शुरू कर दिया है। श्री बाग रामलीला समिति धामपुर एक संस्था द्वारा संचालित होती है जहां प्रतिवर्ष रामलीला मंचन के साथ दशहरा का मेला भी लगता है और उसी से होने वाली आमदनी से बाग रामलीला में विकास कार्य कराए जाते हैं। गत दिवस श्री बाग रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका से जब नुमाइश के ठेकेदार बाग़ में नुमाइश लगाने के लिए मिले तो उन्होंने संस्था के लेटर पैड पर इसकी लिखित स्वीकृति प्रदान कर दी। बताया जाता है कि इसी स्वीकृति के आधार पर नुमाइश ठेकेदार ने पुलिस प्रशासन को पत्र देकर स्वीकृति प्रदान करने के लिए पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस प्रशासन ने नुमाइश लगाने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके बाद जैसे ही नुमाइश के ठेकेदार द्वारा यहां बच्चों के झूले, नाव आदि लगाने शुरू किये गए, तभी हिंदू सुरक्षा सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने यहां नुमाइश लगाने का यह कहकर विरोध करना शुरू कर दिया कि यहां रामलीला होती है तथा दशहरे के दिन मेला लगता है और इस स्थान पर जगह भी कम है। नुमाइश देखने के लिए समाज के अलग-अलग समुदायों के लोग आएंगे जिससे मंच की पवित्रता प्रभावित होगी।

इसके अलावा पास में ही स्थित बाराहि शक्तिपीठ की भी पवित्रता प्रभावित होगी। उधर, श्री बाग रामलीला समिति धामपुर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महामंत्री मनोज जोशी, कोषाध्यक्ष सौरभ मित्तल का कहना है कि नुमाइश से बाग रामलीला समिति को जो आमदनी होगी, उससे बाग रामलीला का विकास कराया जाएगा। अभी समिति को प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए काफी धन की आवश्यकता है। उधर हिंदू सुरक्षा सेवा संगठन द्वारा की गई शिकायत की नायब तहसीलदार राजकमल ने जांच शुरू कर दी है।

थ्री व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल

भैया दूज पर पत्नी को उसके मायके ले जा रहा था पति

धामपुर (चिंगारी)। शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिसोर्ट के पास एक बाइक में विक्रम चालक द्वारा टक्कर मार दिए जाने के कारण बाइक पर सवार पति और पत्नी घायल हो गए। उन्हें उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र जसराज सिंह बुधवार की शाम अपनी पत्नी ज्योति को बाइक पर बैठाकर भैया दूज का त्यौहार मनाने उनके मायके ग्राम मधौरा शेरकोट लेकर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह राजपूताना रिसोर्ट के सामने से गुजर रहे थे तभी सामने से आ रहे थ्री व्हीलर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुरेंद्र कुमार के गहरी चोट आई उनकी पत्नी भी सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दी गई। तब वह उन्हें उपचार हेतु धामपुर के निजी अस्पताल में लेकर आए। डॉक्टर ने बताया कि सुरेंद्र कुमार के फेफड़ों में गहरी चोट लगी है। इस घटना से उनकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस अब वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खगाल रही है।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

कल से शुरू होगा गढ़ी की सड़क का निर्माण

भाकियू ने एक्सईएन व जेई को अपने साथ धरनास्थल पर बैठाया

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर-कोतवाली मार्ग स्थित ग्राम रसीदपुर गढ़ी में कई वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारियों ने धरना दिया। इस दौरान किसान नेताओं ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत प्रताप सिंह और जूनियर इंजीनियर अजब सिंह को भी मौके पर बुलाकर धरनास्थल पर बैठा लिया।



पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को अपने साथ धरनास्थल पर बैठाकर वार्ता करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही।

ग्रामीणों के अनुसार, रसीदपुर गढ़ी की सड़क पर लंबे समय से जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं हो पाता और कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क बनवाने की मांग की, लेकिन स्थायी निर्माण के बजाय केवल पैचवर्क कराया जाता रहा। कुछ समय बाद ही सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो जाती है। शुक्रवार को भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारी सड़क की समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे। वहां अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर पत्थर डलवाए जा चुके हैं। इस पर किसान पदाधिकारी अधिशासी अभियंता और जूनियर इंजीनियर को लेकर मौके पर पहुंचे। सड़क की स्थिति देखने के बाद उन्होंने वहीं धरना शुरू कर दिया और दोनों अधिकारियों को धरनास्थल पर बैठा लिया।

धरने पर जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, अतुल बालियां, नवरात्र सिंह, सतपाल प्रधान, देव आनंद, कपिल, सुभाष डैनी, गौतम, कुलबीर, अनुज, शोभित, रोहित आदि लोग मौजूद रहे।

प्रशांत सिंह अटल आये जिला बार, स्वागत हुआ जोरदार

हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग का किया समर्थन

बिजनौर (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग पूरी तरह जायज है और क्षेत्र के लोगों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए इसकी स्थापना बेहद जरूरी है। अधिवक्ताओं की इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

यह बात उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता, भाजपा विधि प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य प्रशांत सिंह अटल ने बिजनौर में आयोजित अपने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं से एकजुट होकर अपने हितों के लिए आवाज बुलंद करने और सही प्रतिनिधि का चुनाव करने की भी अपील की। प्रशांत सिंह अटल जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी बिजनौर के वीरेंद्र सिंह मेमोरियल बार हॉल में वर्ष 2026-2027 के चुनाव में पुन: ऐतिहासिक जीत हासिल करने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य



स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।

कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने उनका स्वागत करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं और आम लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए इलाहाबाद तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में क्षेत्र में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना होने से लोगों को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय मिलने में काफी सुविधा होगी।

समारोह की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने की। इस अवसर पर सिविल बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेंद्र सिंह एडवोकेट, एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन एवं चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह टिकैत एडवोकेट तथा एल्डर्स कमेटी के सदस्य वीरेंद्रपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच पर जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कोषाध्यक्ष कविता चौधरी और संदीप कुमार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पूर्व बार अध्यक्ष निरंकार सिंह, सत्यप्रकाश चौहान, चरत सिंह, अजीत पंवार, यशपाल सिंह एडवोकेट तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल गफ्फार ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने प्रशांत सिंह अटल की चुनावी जीत पर बधाई देते हुए अधिवक्ताओं के हितों और न्याय व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह अटल का फूल-मालाओं और बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनीश कुमार एडवोकेट झालू वालों ने किया।




महिला व पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता कल से नजीबाबाद में

बिजनौर (चिंगारी)। जिला बास्केटबॉल संघ बिजनौर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर बालक-बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता 14 व 15 नवंबर स्टैब्स ग्राउंड स्टेडियम नजीबाबाद में होगी। इस प्रतियोगिता में कोई भी बालक एवं बालिका किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभाग कर सकता है। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी टीमों को सर्टिफिकेट एवं विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा मैडल्स दिये जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नजीबाबाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर



मुज़्ज़ाम होंगे। यह प्रतियोगिता जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव योगेश्वर त्यागी, चैंपियनशिप सचिव गोपाल त्यागी, चैंपियनशिप कोऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश की देखरेख में आयोजित की जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी 14 नवंबर 2026 को ठीक 9.30 बजे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए नजीबाबाद स्टैब्स ग्राउंड नजीबाबाद में अपना पंजीकरण करवा लें। किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त करने के लिए बिजनौर बास्केटबॉल संघ के सचिव योगेश्वर त्यागी से 9992026804 मोबाइल नंबर पर सीधा संपर्क कर सकते हैं।

मुल्तानी बिरादरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया



नगीना (चिंगारी)। मौहल्ला नूर सराय स्थित दादा रईस के निवास स्थान पर बुधवार को मुल्तानी बिरादरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर विधायक मनोज पारस ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज पारस ने अपनी विधायक निधि से नवनिर्मित सीसी रोड का कार्य पूर्ण होने पर फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर मुल्तानी बिरादरी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नासिर मरगूब, उपाध्यक्ष आबिद अर्शी, सचिव मुहम्मद सिद्दीक़, सहसचिव मुहम्मद अज़ीम गफ़्फ़ार, कोषाध्यक्ष मतीन अहमद, सहकोषाध्यक्ष आतिफ़ अमीर, लेखा परीक्षक मुहम्मद जावेद ज़फ़र, ज़रूर इंचार्ज मुहम्मद नासिर ख़ान, सदस्य ख़लीक़ अहमद, मोहम्मद आसिम, हैदर सलीम, मुहम्मद साजिद, इक़रार अहमद, चुनाव समिति से डॉ. दाऊद मुल्तानी, इरशाद अली, इलेक्शन इंचार्ज सलीम अहमद, मुहम्मद नासिर, शहाबुद्दीन आदि के अलावा काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, रईस दादा, मुहम्मद ताहिर, सख़ावतुर्रहमान, मुहम्मद आबिद, मुहम्मद शफ़ी, अक्षेष पारस, धर्मेंद्र पारस, काजी सुहैल इकबाल नगर अध्यक्ष नगीना समाजवादी पार्टी, यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना, सलीम अहमद व्हील वाले, डॉ. कमाल, ताहिर मुल्तानी, आफताब मुल्तानी, नौशाद आप्पा, आलोक चौधरी आदि की मौजूदगी रही।

खासपुरा में तीन दिन में दूसरी गाय की मौत

खासपुरा (चिंगारी)। ग्राम खासपुरा में स्पीड ब्रेकर न होने की वजह से 3 दिन में दूसरी गाय की मौत हो गई। देर रात अज्ञात वाहन से टकराने से गाय की मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन अभी तक न ही स्पीड ब्रेकर लगवा रहा है और न ही डिवाइडर का काम पूरा कर रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन पशु और लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि कम से कम स्पीड नियंत्रण करने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। वहीं पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव तोमर से बात हुई तो उन्होंने कहा कि कल ही यहां डिवाइडर लगाए जाएंगे, जिससे कुछ समाधान निकल सके। वहीं ग्राम प्रधान खासपुरा ने मृत गाय को जेसीबी द्वारा दफना दिया गया।

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
13 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



एंड्रीवा ने सबालेंका को चौंकाकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाई

वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। मिरा एंड्रीवा ने पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को एरिना सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने पहले सेट में 3-1 से बढ़त बनाई और 4-1 से आगे थीं, लेकिन एंड्रीवा ने लगातार 11 गेम जीतकर 62 मिनट में मैच पलट दिया और अपनी जीत पक्की कर ली।



एंड्रीवा ने याद करते हुए कहा, मैं गुस्से में थी। मैं इस बात से खुश नहीं थी कि ब्रेक पॉइंट पर डबल फॉल्ट के साथ मैंने अपनी सर्व कैसे गंवा दी। मुझे बस अपने अंदर गुस्सा बढ़ता हुआ महसूस हो रहा था। लेकिन यह अच्छी बात थी कि मैं सर्व कर रही थी, क्योंकि मैं उस गुस्से को तेज़ी से सर्व करने की कोशिश में बदल पाई। फिर मुझे बेहतर महसूस हुआ, और मैं रिटर्न पर बेहतर खेल पाई। एंड्रीवा, जिन्होंने अपने पहले राउंड-रॉबिन मैच में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-0 से हराया, 2009 में कैरोलिन वोज़्नियाकी के बाद डब्ल्यूटीए फ़ाइनल्स के सेमीफ़ाइनल में पहुँचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। इस जीत ने उन्हें टूर्नामेंट के इतिहास में डब्ल्यूटीए फ़ाइनल सेट के पहले दो सेट 6-0 से जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बना दिया। एंड्रीवा ने कहा, मैं खुद को अच्छे आठ नंबर दूँगी। 10 नंबर पाने के लिए, आपको अपनी ज़िंदगी का सबसे अच्छा मैच खेलना होगा। मुझे लगता है कि यह अच्छा, सॉलिड था, लेकिन 10 के लिए काफी अच्छा नहीं था। स्वितोलिना ने चेक रिपब्लिक की कैरोलिन मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराया और सेमीफ़ाइनल में जगह बनाने के लिए सबालेंका से भिड़ेंगी।

न्यूज़ीलैंड में भारतीय टेस्ट टीम से जुड़ने के लिए रवाना हुए ऋषभ पंत

बेंगलुरु (एजेंसी/चिंगारी)। फ़िटनेस को लेकर कई हफ़्तों की अनिश्चितता के बाद ऋषभ पंत गुरुवार सुबह तड़के न्यूज़ीलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। वह शुक्रवार को वेलिंग्टन में भारत की टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। सीरीज़ की शुरुआत 19 नवंबर से होगी। पंत साइड स्ट्रेन की चोट से उबर रहे थे और बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ़ ने उन्हें फ़िटनेस की मंज़ूरी दे दी है। 1 से 4 अक्टूबर के बीच श्रीनगर में ईरानी कप के दौरान पंत को यह चोट लगी थी। उस टूर्नामेंट में वह रेस्ट ऑफ़ इंडिया टीम के कप्तान थे। इसके बाद 23 अक्तूबर से वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन कर रहे थे। सीओई पहुंचने तक पंत को न्यूज़ीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम और टेस्ट सीरीज़ से पहले न्यूज़ीलैंड ए के ख़िलाफ़ होने वाले तीन चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए की टीम में भी चुन लिया गया था। हालांकि, इन दोनों टीमों में उनकी भागीदारी फ़िटनेस की मंज़ूरी मिलने पर निर्भर थी।



आईसीसी ने 2032-35 चक्र के लिए शेड्यूल तैयार किया

बाली (इंडोनेशिया) (एजेंसी/चिंगारी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2032-35 चक्र का कार्यक्रम तैयार कर लिया है। उम्मीद है कि यहां सदस्यों के साथ चल रही बैठक में मौजूदा चक्र के बाद आगे के ग्लोबल इवेंट्स कैलेंडर को मंजूरी मिल जायेगी, जो भारत और बंगलादेश में 2031 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के साथ खत्म होगा। 2032-35 के समय का शेड्यूल छह ग्लोबल इवेंट्स के साथ तैयार किया गया है, जिसमें आठ टीमों की एक चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा चक्र की तरह, आईसीसी अगले चरण में भी हर साल एक ग्लोबल इवेंट कराने की योजना बना रहा है, जिसकी शुरुआत 2032 में टी-20 वर्ल्ड कप से होगी। टूर्नामेंट के लिए अक्टूबर-नवंबर का समय तय किया गया है, हालांकि अभी कोई जगह तय नहीं की गई है। साल 2033 में दो ग्लोबल इवेंट होंगे। जून में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल और अक्टूबर में चैंपियंस ट्रॉफी। 2034 में एक और टी-20 वर्ल्ड कप होगा, जिसके लिए जुलाई तय विंडो है, उसके बाद 2035 में डब्ल्यूटीसी फाइनल और वनडे वर्ल्ड कप होगा। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी फाइनल या वनडे वर्ल्ड कप के लिए कोई विंडो तय नहीं की है। तय विंडो न होने से अंदाजा लग सकते हैं। रिकॉर्ड के लिए, इंग्लैंड ने 2027, 2029 और 2031 में डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल कर लिए हैं। जैसा कि पहले बताया गया है, आईसीसी ने 2033 में डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए जून तय किया है, लेकिन जगह का ज़िक्र नहीं किया है।



अंबेकर मीतेई ने यूथ ओलंपिक गेम्स में बॉक्सिंग में पहला गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

डकार (एजेंसी/चिंगारी)। एल अंबेकर मीतेई ने गुरुवार को यहां पुरुषों के 50द्मद्द किग्रा के फाइनल में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से हराकर यूथ ओलंपिक गेम्स में भारत के लिए बॉक्सिंग में पहला गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। अंबेकर की जीत यूथ ओलंपिक्स में भारतीय बॉक्सिंग के लिए एक अहम पल है, इससे पहले 2010 गेम्स में शिव थापा (60किग्रा) का सिल्वर मेडल इस खेल में देश का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। विकास कृष्ण के नाम यूथ ओलंपिक्स गेम्स में ब्रॉन्ज़ मेडल है, उन्होंने सिंगापुर में 2010 एडिशन में मेडल जीता था।

पटियाला में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स (एनआईएस) में ट्रेनिंग करने वाले आंबेकर ने फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने क्वार्टर फाइनल बाउट के पहले राउंड में नामीबिया के अब्राहम कलेंगा को रोका और फिर सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज़ोन जेफरी गैलिया पर 5-0 से बड़ी जीत दर्ज की। मणिपुर के अंबेकर ने फिर एक करीबी मुकाबले वाले फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा और 3-2 के स्प्लिट डिसीजन से जीत हासिल की और ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता। यह यूथ ओलंपिक्स में भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन है, जिसमें एक और फाइनलिस्ट गुंजन महिलाओं की 48किग्रा स्पर्धा में गोल्ड मेडल के लिए मुकाबला कर रही हैं। गुंजन ने ग्रेट ब्रिटेन की लिली बैसेट को 4-1 से हराकर पॉइंट्स के आधार पर शानदार जीत हासिल की और अपनी जीत का सिलसिला बनाए रखा।



मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरा पहला डेब्यू व्हाइट बॉल में होगा- औकिब नबी

नई दिल्ली(एजेंसी/चिंगारी)। औकिब नबी को व्हाइट-बॉल क्रिकेट में इंडिया में डेब्यू करने से पहले टेस्ट कॉल-अप की उम्मीद थी, लेकिन जम्मू-कश्मीर के इस पेसर ने न्यूज़ीलैंड में अपने पहले इंटरनेशनल असाइनमेंट का पूरा फ़ायदा उठाने का पक्का इरादा कर लिया है, जहां वह अभी टीम का हिस्सा हैं। जम्मू-कश्मीर की पहली रणजी ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नबी ने माना कि उन्हें इंडिया में पहला कॉल-अप ऐसे फ़ॉर्मेट में मिला जिसकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ अपना वनडे डेब्यू किया और वेलिंगटन में दूसरे मैच में दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, अगर आप डोमेस्टिक में मेरा व्हाइट बॉल रिकॉर्ड देखें, तो यह अच्छा है। सच कहूँ तो, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरा पहला कॉल व्हाइट बॉल में होगा। मुझे उम्मीद थी कि यह रेड बॉल में होगा। फिर भी, यह मेरे लिए अपनी स्किल्स दिखाने का एक अच्छा मौका है। टेस्ट क्रिकेट से अपना इंटरनेशनल सफ़र शुरू करने की उम्मीद के बावजूद, नबी ने भारत को रिप्रेजेंट करने को एक बहुत बड़ा सम्मान बताया और कहा कि वह उन इलाकों के युवाओं को प्रेरित करना चाहते हैं, जहां क्रिकेट की सुविधाएं कम हैं।

ख्वाजा के सैंडपेपर वाले दावे पूरी तरह बकवास- कमिंस

सिडनी (एजेंसी/चिंगारी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि 2018 की बॉल टैंपरिंग घटना पर उस्मान ख्वाजा के आरोप पूरी तरह बकवास है। ख्वाजा ने दावा किया था कि टीम में हर कोई 2018 के केप टाउन टेस्ट में सैंडपेपर के इस्तेमाल के बारे में जानता था। डेविड वॉर्नर ने इन आरोपों को शत-प्रतिशत सही कहा था, जबकि आज कमिंस ने इसे शत-प्रतिशत गलत कहकर खारिज कर दिया है। सिडनी में क्रिकेट सेंट्रल में 69 मिनट की संवाददाता सम्मेलन में आरोपों पर बात करते हुए कमिंस ने कहा, मैंने उस्मान के आरोपों का जवाब देने में थोड़ा समय लिया है। मैं यह समझने की कोशिश कर रहा था कि वे आरोप असल में क्या थे, इसीलिए मुझे कुछ दिन लगे। जब वह कहता है कि हम सब जानते थे, अगर उसका मतलब है कि हम जानते थे कि मैदान पर सैंडपेपर जा रहा है, तो वह शत-प्रतिशत गलत है। मैं पिछले आठ सालों से लगातार यही कह रहा हूं, मुझे नहीं पता था कि ऐसा हो रहा है। उन्होंने, लेकिन मुझे लगता है कि उस्मान असल में ऐसी बातें कह रहा है, जो असल में उससे कहीं ज़्यादा सीरियस हैं।

साकिब के सात विकेट की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका को 446 पर निपटाया

रावलपिंडी (एजेंसी/चिंगारी)। एक और दिन जहां खराब रोशनी के कारण ओवरों का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया, पाकिस्तान ने रावलपिंडी टेस्ट में कुछ संतुलन बहाल किया जो श्रीलंका की ओर झुका था। उनके चार नवोदित खिलाड़ियों में से एक - साकिब खान - ने श्रीलंका की पहली पारी में सात विकेट लिए, क्योंकि वे रात के स्कोर 404/4 से 446 रन पर ऑल-आउट हो गए, जिससे मेहमान टीम की पहली पारी की बढ़त केवल 12 रन रह गई। चौथे दिन की शुरुआत दो शतकवीरों धनंजय डी सिल्वा और कुसल मेंडिस के साथ करते हुए श्रीलंका बड़ी बढ़त के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार दिख रहा था। हालाँकि, दिन की शुरुआत में ही धनंजय अपने 167 रन के स्कोर में कोई इजाफा किए बिना, साकिब की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गए। चार ओवर बाद, मेंडिस को भी साकिब ने पवेलियन भेज दिया - धनंजय के समान ही, 119 के स्कोर पर आउट हुए। एक असाधारण सुबह के स्पैल के बीच, साकिब ने सोनल दिनुशा को आउट करके टेस्ट में अपनी पहली गेंदबाजी पारी को फाइफ़र के साथ चिह्नित किया। 432/7 से, टेल्स ज्यादा संघर्ष नहीं कर सके और 446 रन पर सिमट गए। श्रीलंका ने अपने आखिरी छह विकेट 42 रन पर खो दिए, और साकिब के आंकड़े 34-5-130-7 रहे।

आर्य कन्या गुरुकुल नवलपुर का 19वां वार्षिकोत्सव भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ

बेटियों ने लाठी संचालन एवं शौर्य प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं





बिजनौर (चिंगारी)। वैदिक श्रीमद् दयानन्द आर्य कन्या गुरुकुल नवलपुर, बिजनौर का 19वां वार्षिकोत्सव कल गुरुवार को हर्षोल्लास एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:काल वैदिक देवयज्ञ एवं ओ3म् ध्वज फहराकर किया गया।

इस अवसर पर नगर बिजनौर में प्रतिवर्ष की भांति भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में गुरुकुल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नगरवासियों को वैदिक संस्कृति, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं जलपान आदि के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा के दौरान गुरुकुल की बेटियों ने पाखण्ड एवं अंधविश्वास को दूर करने के लिए प्रभावशाली उद्घोष किए तथा प्रेरणादायक भजनों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। छात्राओं ने लाठी संचालन सहित अनेक शारीरिक एवं शौर्य प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बेटियों के अनुशासन, आत्मविश्वास और साहस ने सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सतेन्द्र आर्य ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में योगेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। देवयज्ञ के ब्रह्मा वैदिक प्रवक्ता आचार्य डॉ. कपिल मलिक रहे। शोभायात्रा का कुशल संचालन भी आचार्य डॉ. कपिल मलिक द्वारा किया गया। गुरुकुल के प्रबंधक सुशील कुमार त्यागी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में आचार्या सविता आर्य ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रविन्द्र मुनि, सुरेश तोमर, रणधीर आर्य, रमेश आर्य, भजनोपदेशक कुलदीप विद्यार्थी, सत्येन्द्र आर्य, अतर सिंह आर्य, बाबू सिंह आर्य, दिलीप कुमार, महाशय जयप्रकाश मुनि, कल्याण आर्य, अनंगपाल आर्य, आकांक्षा आर्या, सोनी आर्य, प्रतिज्ञा आर्य, प्रीति आर्य, नीतू शास्त्री सहित अनेक आर्यजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेंटर पर आधार कार्ड मांगने पर भड़के किसान



नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव धौलागढ़ में धामपुर शुगर मिल का गन्ना क्रय केंद्र पर तौल चल रही है। शुक्रवार को केंद्र पर गन्ना लेकर पहुंचे किसानों से तोल लिपिक ने आधार कार्ड की मांग की। लिपिक का कहना है कि आपका गन्ना सामान्य और रिजेक्ट में तोला जाएगा। लिपिक की बात पर किसान भड़क गए। सूचना पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया। यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के तेवर देखकर शुगर मिल अधिकारी तुरंत बैकफुट पर आ गए। चन्द्रपाल सिंह ने केंद्र के कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसानों को परेशान किया गया तो शुगर मिल के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, अभय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

5009 प्रजाति को सामान्य बताने पर किसान भड़के, धरना दिया



शेरकोट (चिंगारी)। एक प्रजाति का गन्ना लेने से मना किये जाने पर किसानों में रोष रोष व्याप्त हो गया। इसके विरोध में किसानों ने तौल बंद कर गन्ना क्रय केंद्र पर धरना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पहुंचे मिल अधिकारियों द्वारा किसानों की मांग मान लिये जाने पर धरना समाप्त हुआ।

बृहस्पतिवार को ईदगाह के निकट स्थित गन्ना क्रय केंद्र प्रथम पर किसान गन्ना तुलवाने पहुंचे तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने 5009 प्रजाति के गन्ने को सामान्य प्रजाति का बताते हुए फिलहाल इसे लेने से मना कर दिया, जिससे आक्रोशित हुए किसानों ने क्रय केंद्र पर धरना शुरू कर दिया। विनीत कुमार, निशांत चौहान, विक्रांत चौहान, तुलाराम सिंह, सुरेश चौहान आदि किसानों ने बताया कि मिल ने किसानों को पहले 5009 प्रजापति का बीज अगेती प्रजापति का बताकर दिया गया था, परंतु अब इसे सामान्य बताया जा रहा है। तौल बंद कर धरना दिये जाने का पता लगते ही धामपुर शुगर मिल के सीनियर गन्ना मेनेजर मनोज चौहान, एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह,जोनल अधिकारी अनिल चौहान और अरविंद कुमार वहां पहुंचे और किसानों से बातचीत कर फिलहा गन्ना लेने की बात कही। जिस पर धरना खत्म और तौल शुरू हो गई। मिल अधिकारी अनिल चौहान ने बताया कि कृषि वैज्ञानिक की जांच में 5009 प्रजाति सामान्य प्रजाति में है। उन्होंने बताया मिल ने एक साल पहले इसका बीज देना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी अगेती प्रजाति का गन्ना लिया जा रहा है, दिसंबर के पहले सप्ताह से सामान्य प्रजाति के गन्ने की खरीद भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा फिलहाल ये गन्ना लिया जा रहा है। इस मौके पर शिवेंद्र कुमार, बब्लू सिंह, युवराज सिंह, हेमराज सिंह, अनिल कुमार, विकास चौहान, परमजीत सिंह, राजेंद्र सैनी आदि किसान उपस्थित रहे।

हज पर जाने वाले लोग दूसरी किस्त जमा कर दें



अफज़लगढ़ (चिंगारी)। हज 2027 पर जाने वाले लोगों की दूसरी किस्त जमा करने की तारीख आ गयी है, जो लोग हज करने जा रहे हैं वो लोग अपनी दूसरी किस्त 30 नवम्बर तक हर हाल में जमा कर दें। हज पर जाने वाले हाजियों की नि:शुल्क सेवा करने वाले अफज़ाल अंसारी व अख़्तर सिद्दीकी ने बताया कि अफज़लगढ़ और क्षेत्र से जाने वाले सभी हाजी 30 नवंबर से पहले-पहले अपनी दूसरी किस्त अपनी सहुलियत के मुताबिक बैंकों में जमा करा दें। हज पर जाने वाले ज़ायरीनों में एक व्यक्ति के एक लाख पच्चीस हजार (125000) रूपये जमा करने हैं, अगर दो लोग हैं तो 250,000, तीन हैं तो 375000, चार हैं तो 5,00,000 और आखिर में अगर पांच लोग हैं, तो 625000 जमा करने हैं। सभी लोग अपनी दूसरी किस्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक दोनों में से किसी भी एक बैंक में जाकर कैश में जमा कर सकते हैं। कैश जमा करने के लिए हज कमेटी की वेबसाइट से पैसे जमा करने वाला फार्म निकलवाकर उसको सही से भरवाकर ले जाएं, बैंक में कोई भी डिपॉज़िट स्लिप नहीं मिलेगी। इसके अलावा ऑनलाइन पेमेन्ट करने का ऑप्शन भी है, ऑनलाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेफ्ट के जरिये कर सकते हैं।

शिक्षकों को दीपावली का तोहफ़ा, पदोन्नति का रास्ता साफ

बिजनौर (चिंगारी)। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को दीपावली पर शासन से तोहफा मिला है। प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इसके निर्देश दिये हैं। शिक्षकों को प्रमोशन पाने के लिए टेट परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया है। प्रमोशन के आए निर्देश से शिक्षकों के चेहरे खिले हैं।

बड़ी संख्या में शिक्षकों को मिलेगा प्रमोशन का लाभ

जिले के परिषदीय स्कूलों में लंबे समय से शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ नहीं मिला है। हालांकि शिक्षक संघ के पदाधिकारी समय-समय पर प्रमोशन का लाभ दिलाने की वकालत करते रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के सूत्रों की मान्यता वर्ष 2010 में जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक के पदों को प्रमोशन से भरा गया था। इसके बाद से प्रमोशन नहीं किए गए। अब सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ देने के निर्देश दिये हैं। शासन से आए निर्देश में कहा गया है कि प्रमोशन पाने के लिए शिक्षकों को टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर प्रमोशन के लिए प्राथमिक स्तर की टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा, जबकि जूनियर में सहायक अध्यापक पर प्रमोशन के लिए प्राथमिक स्तर तथा जूनियर स्तर दोनों ही टेट पास करना होगा, जबकि जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक के लिए प्राइमरी तथा जूनियर वर्ग की टेट पास करना अनिवार्य कर दिया गया है।

शिक्षकों को प्रमोशन करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को वरिष्ठता सूची जारी प्रमोशन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिन शिक्षकों ने टीईटी की परीक्षा उर्तीण नहीं की है उनके पद आरक्षित रखकर अन्य शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ देने को कहा गया है। दीपावली पर आए प्रमोशन के निर्देश से शिक्षक के चेहरे खिले हैं। दूसरी ओर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संकेत जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने बताया कि संगठन पिछले कई वर्षों से शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ दिलाने की मांग करता रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के अधिकांश स्कूलों में प्रधानाध्यापक के पद रिक्त पड़े हैं।

वरिष्ठता सूची की कवायद शुरू

शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी हरकत में आ गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने ब्लॉक स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार करने के निर्देश पहले ही जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दे दिए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो गंगा स्नान के त्यौहार के आसपास शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ मिल सकता है। शिक्षकों के प्रमोशन पर निगरानी के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य की अध्यक्षता में समिति भी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

18 नवंबर को शिक्षक देंगे धरना

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ दिलाने, शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के सत्यापन पर रोक लगाने सहित कई मांगों को लेकर 18 नवंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने बताया कि प्रांतीय संगठन के आह्वान पर प्रदेश भर में 18 नवंबर को धरना प्रदर्शन होगा। शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर संगठन प्रयासरत है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

डा. दिनेशचन्द्र सिंह का शेरकोट में भव्य स्वागत



शेरकोट (चिंगारी)। बृहस्पतिवार की दोपहर शेरकोट पहुंचे सेवानिवृत्त आईएएस एवं धामपुर क्षेत्र से भाजपा के टिकट के दावेदार डा. दिनेशचंद्र सिंह का कुंवर संजय गहलौत के आवास पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर दिनेशचन्द्र सिंह ने भाजपा सरकार में जनता के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की और कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया।

डा. दिनेशचन्द्र सिंह अपने साथियों के साथ नगर के मुहल्ला चौधरियान स्थित कुंवर संजय गहलौत के आवास पर पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने भाजपा सरकार में सबका साथ, सबका विकास के आधार पर हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर हर वर्ग और जाति को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए मैंने हमेशा आम जनता के हित में कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि वह जनता की समस्याओं व तकलीफों को अच्छी तरह समझते हैं। वह ज़रुरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। इससे पूर्व घर पहुंचने पर संजय गहलौत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डा. दिनेशचन्द्र का फूल मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर संजय गहलौत, शरदचन्द्र शर्मा, कुंवर इंद्रजीत सिंह, दुष्यंत चौहान, वसीम अहमद, विकास दत्त, शूरवीर चौहान, प्रदीप रस्तोगी, पुनीत वर्मा, रणजीत सिंह, फूल सिंह आदि मौजूद रहे।

स्कूल में चोरी व तोड़फोड़ की

खासपुरा (चिंगारी)। थाना हल्दौर क्षेत्र के ग्राम बमनौला में स्थित ज्योति विद्या मंदिर प्राइमरी स्कूल में अज्ञात उपद्रवियों ने चोरी व तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। स्कूल प्रबंधक मिटठन सिंह ने थाना अध्यक्ष हल्दौर को तहरीर देकर घटना का जल्द खुलासा कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है।



मिट्ठन सिंह ने तहरीर में बताया कि ग्राम बमनौला में ही उनका प्राथमिक विद्यालय ज्योति विद्या मंदिर प्राइमरी स्कूल स्थित है, जो नर्सरी से कक्षा 5 तक संचालित है। विद्यालय में स्कूल की फीस व स्कूल निर्माण के रुपये तथा जरूरत के सामान के लिए रखे हुए थे। उपद्रवियों ने स्कूल के दस्तावेजों को भी काफी नुकसान पहुंचाया। इस घटना से काफी नुकसान हुआ है और क्षेत्र में भय का माहौल है। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष हल्दौर शेर सिंह ने बताया कि मौका मुआयना किया था। चोरी की घटना तो कोई सामने नहीं आ रही है। असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है और जल्द ही वह कानून की गिरफ्त में होगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वर्धमान कॉलेज की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना बनीं

स्काउड एवं गाइड की जिला मुख्य आयुक्त

बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज, बिजनौर की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना को भारत स्काउट एवं गाइड, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की जिला मुख्य आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कॉलेज परिवार एवं शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।

भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने 14 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में अधिकार पत्र जारी किया। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, प्रदेश संस्था भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश की नियमावली के नियम 19.7 तथा भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था की उपनियमावली के नियम 15.1 एवं 15.2 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रो. प्रीति खन्ना को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की भारत स्काउट एवं गाइड जिला संस्था का जिला मुख्यायुक्त नियुक्त किया गया है। प्रो. प्रीति खन्ना की इस नियुक्ति को उनके शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में योगदान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस जिम्मेदारी के माध्यम से उन्हें विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्वों के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिलेगा।



गठबंधन पर खुशी जताई, एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

आसपा और एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया स्वागत कार्यक्रम

नगीना (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के बीच गठबंधन की घोषणा के बाद नगीना में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।

बृहस्पतिवार को नगीना नगर अध्यक्ष शोएब अंसारी के नेतृत्व में वरिष्ठ नेता रईस कुरैशी के आवास पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर गठबंधन की बधाई दी। सभा में कार्यकर्ताओं ने आपसी भाईचारे, सम्मान और संगठनात्मक एकता के साथ इस नई राजनीतिक पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी आरिफ मलिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी ने किया।



नगीना में खुशी मनाते आसपा और एआईएमआईएम के कार्यकर्ता।

इस अवसर पर एआईएमआईएम पार्टी से नगीना विधानसभा अध्यक्ष मो.इदरीस, नगर अध्यक्ष मो.जावेद, वरिष्ठ नेता नईम कुरैशी, विधानसभा सचिव शाने आलम, आमिर, सलीम मुलतानी, यूनुस मलिक, जावेद अहमद और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फादरसन स्कूल में हुई कम्प्यूटर प्रतियोगिता

चांदपुर (चिंगारी)। फादरसन पब्लिक स्कूल, स्याऊ चांदपुर में आईटी विभाग के मार्गदर्शन से कक्षा 1 के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर पार्ट्स आइडेंटिफिकेशन प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक-बी कंप्यूटर लैब में किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 के सभी सेक्शनों के नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले चरण में सेक्शन स्तर पर प्रतियोगिता हुई, जिसमें दो विद्यार्थियों को एक कंप्यूटर साझा करना था। इसके बाद प्रत्येक सेक्शन में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बीच कक्षा स्तरीय फाइनल राउंड कराया गया। फाइनल राउंड में हर प्रतिभागी को अलग कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया, ताकि सभी को अपनी क्षमता दिखाने का समान अवसर मिले। कड़े मुकाबले के बाद कक्षा 1-डी के सन्नी पुत्र गावस्कर ने प्रथम, कक्षा 1-डी के वेदांश पुत्र सचिन कुमार और कक्षा 1-ए की पावनी चौधरी पुत्री तपेंद्र सिंह द्वितीय। कक्षा 1-बी के मोहम्मद हम्माद पुत्र मोहम्मद परवेज़ तृतीय ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में सुनीता वर्मा, साक्षी चौहान और सीमांत शर्मा शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी।



दीपावली पर छह दिन में एक करोड़ से अधिक यात्रियों ने यूपी रोडवेज की बसों में किया सफर

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की बेहतर परिवहन व्यवस्था ने दीपावली पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से छह दिनों में एक करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इस पर्व पर यात्रियों की यह संख्या गत वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के लिए निगम की ओर से व्यापक स्तर पर बसों का संचालन किया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि छह नवंबर से 11 नवंबर तक प्रतिदिन लाखों यात्रियों ने निगम की बसों से यात्रा की। यह आंकड़ा त्यौहारों पर प्रदेश की मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और यात्रियों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। दीपावली के बाद अब छठ पर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवहन मंत्री ने 13 से 17 नवंबर तक अधिक से अधिक बसों का संचालन करने के निर्देश दिये हैं। खासतौर पर दिल्ली और अन्य महानगरों से पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों के लिए अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। लखनऊ और कानपुर से भी अतिरिक्त सेवाएं संचालित होंगी।

रवा राजपूत बिरादरी के 200 लोगों ने हाथ उठाकर मनोज पारस का समर्थन किया

किरतपुर (चिंगारी)। विधानसभा चुनाव 2027 की सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। नगीना क्षेत्र के विधायक मनोज पारस लगातार चौथी बार चुनाव में जीत हासिल करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्र के रवा राजपूत बिरादरी के लोगों की बैठक में भाग लिया। बिरादरी के लगभग 200 लोगों ने विधायक मनोज पारस का जोरदार स्वागत करते हुए चुनाव में उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया।

कल रात सपा विधायक मनोज पारस के स्थानीय कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के रवा राजपूत बिरादरी के लोगों की एक बैठक हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक मनोज पारस को चुनाव लड़ाने का वादा किया। सपा विधायक मनोज पारस ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि वह सभी वर्गों और बिरादरियों का सम्मान करते हैं।

बैठक में विपिन राजपूत, सुशील राजपूत, आदेश राजपूत, मास्टर हरिओम राजपूत, डॉ. गंभीर राजपूत, पूर्व प्रधान वेदपाल सिंह, यशवंत राजपूत, डॉ. दिनेश राजपूत, पूर्व प्रधान सुभाष राजपूत आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता मास्टर हरिओम राजपूत ने तथा संचालन मोहम्मद जाहिद ने किया।



18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएं : डीएम

बिजनौर (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विभिन्न विद्यालयों के नामित समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निर्देश दिये कि 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र युवाओं को चिह्नित कर उनका नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत दर्ज कराया जाए। डीएम ने विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। पॉलिटेक्निक और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराया जाए।



होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

जिलाधिकारी ने 21, 22, 28 और 29 नवंबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। इसके लिए सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, सोशल मीडिया सहित प्रचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने और मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां आयोजित करने को कहा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, एनवीएसपी पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है।


कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों पर रहेगा विशेष ध्यान

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात और मतदाता-जनसंख्या अनुपात (ईपी रेशियो) कम है, वहां विशेष ध्यान देकर अभियान चलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। अभियान में छूटे हुए क्षेत्रों को भी शामिल करते हुए सभी पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित विभिन्न विद्यालयों के नामित समन्वयक और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डम्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

नूरपुर (चिंगारी)। स्योहारा क्षेत्र के गांव सब्दलपुर निवासी नाज़िम (22) पुत्र शाकिर बृहस्पतिवार की सुबह करीब दस बजे बाइक द्वारा ग्राम राजा का ताजपुर जा रहा था। जब वह ताजपुर के निकट तनवीर फार्म के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे डम्पर चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नाज़िम गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नाज़िम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे युवक के परिजन उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने डम्पर चालक सलीम जाफर पुत्र अशफाक निवासी ग्राम दौलापुर थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद के विरूद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

सीरवासुचंद में रजाउद्दीन अंसारी का निधन


फाइल फोटो

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पास के ग्राम सीरवासुचंद निवासी रजाउद्दीन अंसारी मीरापुरिया (65 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद बुधवार की रात्रि निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में कोहराम व पास पड़ोस में शोक छा गया। प्रधानी एवं एमपी-एमएलए के चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रजाउद्दीन अंसारी अपनी खुशमिजाजी व मिलनसार अखलाक के साथ-साथ चुनाव में अपने पसंदीदा प्रत्याशी का मजबूत समर्थन करने को लेकर मशहूर थे। वह जिस प्रत्याशी का चुनाव लड़ाया करते थे, उसकी हमदर्दी में किसी भी हद तक गुजर जाने का उनका मिजाज था। जुमेरात को बाद नमाज जोहर नमाज-ए-जनाजा के बाद उन्हें गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। रजाउद्दीन मूल रूप से क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला के निवासी थे, जो 35 साल पूर्व वहां से सीरवासुचंद आकर बस गए थे, जबकि उनका बाकी परिवार आज भी मीरापुर में ही रहता है।

कार व 5 लाख की मांग को लेकर घर से निकाल दिया धक्के देकर

चांदपुर (चिंगारी)। एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज में स्विफ्ट कार व 5 लाख रुपए की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर उसको मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है।

थाने में दी गई तहरीर में मनप्रीत सिंह पुत्री धर्मेन्द्र सिंह हाल निवासी ग्राम बसेड़ा (चांदपुर) ने बताया कि उसकी शादी 24 अप्रैल 26 को निशांत निवासी ग्राम शेखुपुरा चौहड़ चांदपुर के साथ हुई थी। मनप्रीत सिंह के अनुसार शादी में उसके माता-पिता ने 5 लाख रुपए की नकदी सहित अन्य सामान दिया था। विवाह के बाद से ही उसका पति निशांत, सास नीरज, ससुर पुखराज सिंह, जेठ प्रियांशु उर्फ प्रीत व बिचौलिया निवासी ग्राम बमनौली मंडयो शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे तथा एक स्विफ्ट कार व 5 लाख रुपए की मांग करते थे। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। मनप्रीत सिंह के अनुसार 11 नवम्बर को उसके पति, जेठ व ससुर ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गाली-गलौच की। उसके मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा उसके पति द्वारा उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया गया। विवाहिता ने बताया कि सूचना मिलने पर उसके पिता 112 पुलिस को लेकर वहां पहुंचे। बाद में ससुराल वालों ने उसे घर से मात्र पहने हुए कपड़ों में निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गाली देने से मना किया तो मारपीट की

चांदपुर (चिंगारी)। एक छात्र ने गांव के ही तीन युवकों पर उसके साथ गाली-गलौच करने तथा गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम बेगमपुर निवासी सनिफ पुत्र वसीम ने बताया कि वह गुरुवार को वे लाइब्रेरी से पढ़कर अपने घर वापस जा रहा था। रास्ते में गांव के ही उजैफ, अरबाज उर्फ लीडर व इमरान ने उसे रोककर उसके साथ गाली-गलौच की। उसके द्वारा गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की तथा बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गठबंधन से खुश हुए कार्यकर्ता सारे गूंज उठे 'जय भीम जय मीम' के नारे



किरतपुर (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी व एआईएमआईएम का गठबंधन होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की राजनीति गर्मा गई है। गठबंधन होने पर दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। आसपा के वरिष्ठ नेता मुदस्सिर जमा के आवास पर आसपा व मजलिस कार्यकर्ता भारी संख्या में एकत्र हुए और उन्होंने ढोल की थाप पर नाचते-गाते जय भीम जय मीम, ओवैसी जिंदाबाद, चंद्रशेखर आजाद जिंदाबाद, आसपा जिंदाबाद, मजलिस जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। जोश से लबरेज कार्यकर्ताओं ने मुदस्सिर जमा खां के नेतृत्व में नगर के विभिन्न मुहल्लों में रोड शो किया, जो शाम के समय मुदस्सिर जमा खां के आवास पर जाकर समाप्त हुआ। रोड शो में दोनों पार्टियों के झंडे लहरा रहे थे। कार्यक्रम में मजलिस के वरिष्ठ नेता अब्दुल सलाम खां, नगर अध्यक्ष हबीबुर्रहमान, आसपा नेता धर्मेन्द्र कुमार, सरफराज मलिक, सलीम शाह, रोहित सागर, नवीन भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुदस्सिर जमा खां ने कहा कि गठबंधन की घोषणा होते ही विपक्षी पार्टियों में खलबली मच गई है। यह गठबंधन विपक्षी पार्टियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगा। इसके अलावा वरिष्ठ आसपा नेता साहिल मेहरा व एड. अशरफ जमील के कार्यालयों पर भी मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डा. लाखन सिंह पाल का विचार यूपी में बनेगी सपा की सरकार

अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. लाखन सिंह पाल ने अपनी टीम के साथ पीडीए की मज़बूती और पार्टी के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के चौहड़वाला, नरेनावाला, माधोवाला, रसूलपुर, कादराबाद, भज्जावाला, आलमपुर सहित कई गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर चर्चा की। डॉ. लाखन सिंह पाल ने कहा कि पीडीए की मज़बूती ही समाजवादी पार्टी की मज़बूती है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जिस तरह जनता का समर्थन मिल रहा है, उससे साफ है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी हाईकमान जिस भी व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित करेगा, उसका चुनाव तन-मन-धन से लड़ाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग आपसी भाईचारे को खत्म कर समाज में नफ़रत फैलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। इस अवसर पर मान सिंह (फौजी), डॉ. वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह पाल, डॉ. परवीन सिंह पाल, अब्दुल कय्यूम, मुस्तकीम, मनोज कुमार एवं नरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



रोनिया के प्रभात यादव ने वेतन, भत्ता, पेंशन का सारा पैसा सैनिक राहत कोष में दिया



हीमपुर दीपा (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम रोनिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी प्रभात यादव ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में अपने सेवाकाल के दौरान का मिलने वाला वेतन, भत्ता, पेंशन आदि सारा पैसा सैनिक राहत कोष को दान कर एक मिसाल कायम की। वर्ष 2009 में वह आईटीबीपी में भर्ती हुए थे, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के चलते विवश होकर उन्हें नौकरी बीच में ही छोड़नी पड़ी थी। फिर घर पर ही बीमार मां और समाज की सेवा करने लगे। प्रभात यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार को उनके सेवा काल का वेतन, भत्ता, पेंशन आदि सारा पैसा देने आईटीबीपी बटालियन के उपनिरीक्षक विष्णु शंकर उनके आवास पर पहुंचे और इस संबंध में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सेवा काल का सारा पैसा खुद न लेकर सैनिकों के कल्याण में दान करने की घोषणा की। प्रभात यादव का कहना है कि मेरे लिए देश और देश की सेना की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं। यह मेरे सौभाग्य की बात रही कि मैं साथी सैनिकों के परिवारों के लिए कुछ कर पाया। मैं स्वयं एक सैनिक परिवार से आता हूं, क्योंकि मेरा छोटा भाई रोहित यादव भी बीएसएफ में कार्यरत है और देश की सेवा कर रहा है।

उत्तराखंड में अब और मजबूत होगी सपा : सोनम बागवाड़ी

यूपी में बनने जा रही सपा की सरकार


पत्रकारों से वार्ता करते सोनम बागवाड़ी।

अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। उत्तराखंड में सपा अब और मजबूत होगी और आगामी वि.स. चुनाव में उत्तराखंड में सपा शानदार प्रदर्शन करेगी। साथ ही 2027 में यूपी में सपा की सरकार बनने जा रही है। गुरुवार की दोपहर धामपुर से काशीपुर की ओर जाते समय अफजलगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सोनम बागवाड़ी ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में हुए फेरबदल के बाद सपा को नई ऊर्जा मिली है, जिससे सपा उत्तराखंड में अब और मजबूत होकर 2027 का वि.स. चुनाव जोरदार ढंग से लड़ेगी। धामी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए उन्होंने कहा कि जनता अब उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है, जिससे वह अब सत्ता से बाहर होने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए सोनम बागवाड़ी ने कहा कि यूपी में सपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने केंद्र एवं देश के अनेक राज्यों की भाजपा सरकारों पर बदले की भावना से काम करने और पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब इनके पाप का घड़ा भर चुका है और आने वाले सभी चुनावों में जनता अब इनको इनकी करनी का सबक जरूर सिखाएगी। सोनम बागवाड़ी के साथ मौजूद सपा (अल्प.सभा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शमशाद रसीद ने यूपी में सपा की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के दोहरे चरित्र को अब हर धर्म-जाति का व्यक्ति पहचान चुका है, जिसके नतीजे में 2027 में यूपी में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

मानियावाला के दीपक की सड़क दुर्घटना में मौत

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बीती रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना गढ़ी-मानियावाला के बीच ईदगाह के गेट के पास मेन रोड की है। रात्रि लगभग 10 बजे राहगीरों को वहां एक बाइक सहित दो व्यक्ति हादसे का शिकार हुए पड़े मिले। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घायल व्यक्ति की पहचान दीपक कुमार चौहान (42 वर्ष) पुत्र किशोरी सिंह व मनोज कुमार निवासीगण मानियावाला के रूप में की और उनके परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस एवं परिजनों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां दीपक कुमार को मृत घोषित कर दिया गया जबकि घायल मनोज अस्पताल में उपचाराधीन है। इनके साथ हादसा कैसे हुआ, इसके बारे में अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक दीपक कुमार अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र व तीन बहनों का इकलौता भाई था, जिसके पत्नी सहित दो छोटे-छोटे दो बच्चे हैं। दीपक की मौत से परिवार में कोहराम और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। समाचार लिखे जाने तक बिना कोई कानूनी कार्यवाही किए मृतक दीपक के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी।


दीपक का फाइल फोटो

भारत 5वां सबसे बड़ा शेयर बाजार बना

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत एक बार फिर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। नवम्बर में आई रिकार्ड तेजी और विदेशी निवेशकों की जोरदार वापसी के दम पर भारतीय बाजार ने ताइवान को पछाड़ दिया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सेंसेक्स का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 5.46 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 512.27 लाख करोड़) के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि ताइवान का बाजार पूंजीकरण फिसलकर 4.36 ट्रिलियन डॉलर रह गया है।

15 दिन में बदली तस्वीरः- अक्टूबर के निचले स्तर से सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 12 से 14 प्रतिशत की रिकार्ड तेजी आई है, जिससे तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर से अब तक भारतीय बाजार का पूंजीकरण करीब 640 अरब डालर बढ़ा है। नवम्बर में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में 6.43 अरब डालर लगाए हैं। यह दो साल से ज्यादा समय में किसी एक महीने के दौरान विदेशी निवेशकों की सबसे बड़ी खरीद है। इसके चलते नवंबर में ही निफ्टी और सेंसेक्स करीब 10 फीसदी से अधिक चढ़ चुके हैं। निफ्टी आठ महीने के उच्चस्तर पर पहुंच चुका है। सेंसेक्स भी दोबारा 82,000 के करीब पहुंच गया है।



मई में पहली बार पिछड़ा थाः- भारत के लिए यह वापसी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस साल मई में ही उसे पहली बार पांचवें स्थान से बाहर होना पड़ा था। मई में ताइवान ने भारत को पीछे छोड़कर पांचवां स्थान हासिल कर लिया था। उस समय ताइवान का बाजार पूंजीकरण करीब 4.95 ट्रिलियन डालर, जबकि भारत का करीबी 4.92 ट्रिलियन डालर था। इसके बाद स्थिति और खराब हुई। एक जून तक दक्षिण कोरिया भी भारत से आगे निकल गया और भारत सातवें स्थान पर खिसक गया था।

विशेष अभियान चलाकर छूटे लोगों को वोटर बनवाएगी भाजपा

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी अब पूरा जोर नये और छूटे हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने प लगाएगी। इस मुहिम को जमीन पर उतारने के लिए पार्टी आज प्रदेश स्तरीय कार्यशाला कर रही है। दरअसल, 30 सितम्बर को हुई भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक और उसके बाद मुख्यमंत्री मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने की बात कह चुके हैं। विधानसभा चुनाव की तहलीज पर खड़े उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा की चिंता मतदाता सूची को लेकर है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि मतदाता सूची में मुस्लिम मतदाताओं के नाम बढ़े हैं, जबकि हिंदुओं के कम हुए हैं।

चुनाव में नकदी और शराब बांटने वालों को पकड़ेंगी 18 टीमें

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी में विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 18-18 टीमें चुनाव में नकदी, शराव, मादक पदार्थ व अन्य प्रलोभनकारी वस्तुओं के बांटे जाने पर नजर रखेंगी। नौ टीमें उड़ाका दस्ते (एफएसटी) की व नौ स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की रहेंगी। अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। केन्द्र व राज्य सरकार की 23 प्रवर्तन एजेंसियां इस कार्य में लगेंगी। गुरूवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने केन्द्र व राज्य सरकार की 23 प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। जिसमें ईडी, आयकर, कस्टम, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व सशस्त्र सीमा बल इत्यादि के अधिकारी मौजूद रहे। ऐसे संवेदनशील विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जहां पर चुनाव में अधिक खर्चा किये जाने की संभावनाएं हैं, उनको जल्द चिन्हित किया जायेगा। योजना भवन के सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा चुनाव को पूरी तरह धनबल व प्रलोभन से मुक्त रखने पर जोर दिया गया। नकदी, शराब, मादक पदार्थों व बहुमूल्य धातुओं को देकर मतदाताओ को प्रभावित करने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें पकड़ा जायेगा।


श्री नवदीप रिणवा

खनन की गाड़ी को एक रॉयल्टी पर दो बार निकालने का आरोप, मुकदमा दर्ज

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। खनन की गाड़ी को एक ही रॉयल्टी पर दूसरी बार पास कराने का आरोप लगाते हुए संग्रह अमीन ने चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर यूपी-उत्तराखंड के रायपुरी बॉर्डर पर संग्रह अमीन यादराम सिंह की ड्यूटी खनन की गाड़ी व कागजात चेक करने हेतू बीते गुरुवार को लगी हुई थी। संग्रह अमीन का कहना है कि 11:30 बजे खनन से लदी एक गाड़ी (संख्या HR58E7702) बॉर्डर पर पहुंची जिसके चालक नौशाद अली द्वारा रॉयल्टी दिखाई गई। थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में संग्रह अमीन यादराम सिंह ने बताया कि नौशाद अली द्वारा दिखाई गई रॉयल्टी नंबर 3110260699005105484 को चेक किया गया तो पता चला कि इस रॉयल्टी पर इसी गाड़ी को प्रात: 6:27 बजे भी पास किया गया है। संग्रह अमीन का आरोप है कि इसी दौरान जब वह कागजात चेकिंग में व्यस्त हुआ तो नौशाद अली अपनी गाड़ी लेकर वापस चला गया जिसे कुछ दूर जाकर पकड़ लिया गया और थाने लाया गया। संग्रह अमीन ने धोखाधड़ी के इस मामले में रेहड़ पुलिस से अग्रिम कार्यवाही की मांग की। रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि संग्रह अमीन की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर जरूरी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

बरकातपुर शुगर मिल ने किया 11 नवंबर तक का भुगतान

नांगल सोती (चिंगारी)। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने पिछले पेराई सत्र के एसएपी की दर से 11 नवंबर तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भिजवा दिया है। बरकातपुर चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर एवं महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि आज सहकारी गन्ना विकास समितियों-नजीबाबाद तथा बिजनौर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में 18 करोड़ 31 लाख रूपये का गन्ना मूल्य भुगतान भेजा गया है। बरकातपुर चीनी मिल ने चालू पेराई सत्र में तीसरा गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। गन्ना भुगतान पेराई सत्र 2025-26 के राज्य परामर्शित मूल्य की दर से किया जा रहा है, क्योंकि अभी तक प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2026-27 के लिये राज्य परामर्शित मूल्य की घोषणा नहीं की है। मिल प्रशासन ने किसानों से हाड़े के वजन के अनुरूप ही गन्ना लाने, साफ-सुथरी छिलाई कर ताजा गन्ना आपूर्ति करने की अपील की है।


नरपत सिंह राठौर

इंसानियत के प्रतीक थे मौलाना आज़ाद - शारिक कासमी

अफज़लगढ़ (चिंगारी)। शहर के मशहूर एम आजाद इस्लामिक अकेडमी मे भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान और देश के अमूल्य रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में मौलाना आज़ाद के लिए तिलावत कलामुल्ला पढ़कर उनकी रूह को इसाले सवाब किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मौलाना मौहम्मद शारिक कासमी ने मौलाना आज़ाद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौलाना आज़ाद केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि वे ज्ञान, एकता और इंसानियत के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि बहुत कम उम्र में ही उन्होंने देश की आज़ादी के आंदोलन में भाग लेना शुरू कर दिया था और अपनी कलम, अपनी जुबान और अपने विचारों से लोगों को जगाया। मौलाना आज़ाद ने हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता की बात की। उनका मानना था कि भारत तभी मजबूत होगा, जब यहां रहने वाले सभी धर्मों के लोग एक साथ मिलकर चलेंगे। अकेडमी के संस्थापक मौलाना अकरम रसूलपूरी ने कहा मौलाना अब्दुल कलाम ने हमेशा शिक्षा की तरक्की के लिए काम किया। आज़ादी के बाद जब वे देश के पहले शिक्षा मंत्री बने, तो उन्होंने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया, ताकि देश का हर बच्चा पढ़-लिखकर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में उपस्थित मौलाना मौहम्मद अज़हर कासमी ने भी मौलाना आज़ाद के विचारों पर रोशनी डाली। अन्य वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आज़ाद ने आज़ादी की लड़ाई में कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। वे कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने देश को एकजुट रखने के लिए हमेशा प्रयास किया। हाफिज़ महमूदुल हसन ने कहा कि आज जब समाज में नफरत और भेदभाव बढ़ रहा है, तब मौलाना आज़ाद के विचार और भी ज्यादा जरूरी हो जाते हैं।


मौलाना आजाद को रूह को इसाले सवाब के लिए दुआ करते अतिथि व छात्र।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शनिवार, 14 नवम्बर 2026

मेष- संकल्प सिद्धि का प्रयास, शुभ विचारों का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृषभ- समस्याओं से परेशानी, भौतिक सुख में न्यूनता, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, स्पष्टवादिता घातक, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, दाम्पत्य जीवन सुखमय, कठिनाइयों का निवारण, शुभ कार्य हेतु व्यय, धन का प्रतिफल प्राप्त, यात्रा सुखद।

कर्क- व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यक्तिगत समस्याओं का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक कार्यों में सफलता, पुराने विवाद का समापन।

सिंह- सफलता का मार्ग प्रशस्त, लाभ का सिलसिला, विशिष्टजनों से सम्पर्क, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में सुख-शांति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

कन्या- सोचे हुए कार्य अधूरे, मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा, व्यर्थ भ्रमण से समय नष्ट।

तुला- सद्विचारों का उदय, योजना फलीभूत, पारिवारिक वातावरण अनुकूल, आपसी सद्भाव, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृश्चिक- विचारित कार्यों में प्रगति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक खर्च, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रियजनों -मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन।

धनु- मनोभिलाषित योजना में अनुकूलता, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, किसी पुराने विवाद का समापन।

मकर- पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, स्वास्थ्य में व्यवधान, आहार-विहार की अनियमितता से कष्ट, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, इच्छित पद-प्राप्ति में अड़चनें।

कुम्भ- आत्मशक्ति का विकास, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, स्वाध्याय में रुचि।

मीन- कार्य-व्यवसाय में सफलता, सद्विचारों का उदय, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

ओवैसी और चंद्रशेखर का मेल 2027 में किसका बिगड़ेगा खेल?

-देवराज सिंह



लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने नये गठबंधन का ऐलान कर सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने नये गठबंधन सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की घोषणा कर दी है। नये गठबंधन के सामने दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एक मंच पर लाने की बड़ी चुनौती होगी। वहीं यह गठबंधन यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए मुश्किलें भी खड़ी कर सकता है।


उत्तर प्रदेश की सियासत में मुस्लिम मतदाताओं के बीच समाजवादी पार्टी का काफी लंबे अरसे से प्रभाव रहा है, जबकि बहुजन समाज पार्टी की दलित राजनीति में पकड़ रही है। ऐसे में चुनाव से पहले ओवैसी और चंद्रशेखर का हाथ मिलाना इन दोनों ही दलों के लिए सियासी चुनौती खड़ी कर सकती है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम समुदाय को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की बात करते रहे हैं। वहीं सांसद चंद्रशेखर आजाद दलितों और वंचितों के अधिकारों को अपना प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बताते हैं। दोनों नेताओं की इसी सोच को गठबंधन की बुनियाद माना जा रहा है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने 95 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे थे और उसे लगभग 0.49 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि एआईएमआईएम का कोई उम्मीदवार चुनाव में जीत दर्ज नहीं कर सका था। वहीं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने भी 110 सीटों पर चुनाव की ताल ठोकीं थी। उसे लगभग 0.13 फीसदी मत हासिल हुए थे। दोनों दलों का संयुक्त वोट प्रतिशत एक फीसदी से भी कम रहा था। सियासी समीकरणों के लिहाज से पश्चिमी यूपी और मुस्लिम-दलित आबादी वाली सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के इस गठबंधन की नजर रहेगी। पिछले चुनाव में कुंदरकी सीट पर एआईएमआईएम उम्मीदवार मोहम्मद वारिस को 14,251 वोट मिले थे, जबकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 1,25,792 वोट मिले थे। संभल में एआईएमआईएम प्रत्याशी मोहम्मद मुशीर खान को 21,470 वोट मिले थे। ऐसे क्षेत्रों में कम अंतर से होने वाली हार-जीत के संदर्भ में छोटे दलों का प्रदर्शन भी चुनावी चर्चा का विषय बनता है। समाजवादी पार्टी पहले भी यह आरोप लगाती रही है कि एआईएमआईएम के चुनाव लड़ने से मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो सकता है, जिसका लाभ बीजेपी को मिल सकता है। हालांकि, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस तर्क से सिरे से खारिज कर दिया था। उनका स्पष्ट कहना है कि मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के तौर पर देखने की जगह उसे भी सियासी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। वहीं इस गठबंधन में चंद्रशेखर आजाद के साथ आने से दलित राजनीति का मुद्दा भी जुड़ गया है। सपा और बसपा के पारंपरिक सामाजिक आधार पर इसके संभावित असर पड़ने को लेकर चर्चाएं होने लगी हैं। 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में सामाजिक परिवर्तन मोर्चे की भूमिका काफी अहम होगी।

भगवान शिव दिव्य चिकित्सक के रूप में विराजते हैं देवघर!



-डॉ. श्रोगोपाल नारसन एडवोकेट

हाल ही में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर बिहार के बाराहाट में हुए वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ. आनन्द भारद्वाज के साथ विमान से देवघर गए तो सहज ही बाबा बैद्यनाथ के दर्शन भी हो गए। झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में यह नौवां पावन स्थल है। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा अनूठा तीर्थ है, जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ एक साथ विराजमान हैं। बैद्यनाथ का शाब्दिक अर्थ है चिकित्सकों के स्वामी। तभी तो श्रद्धालु यहां रोगमुक्ति की कामना लेकर आते हैं और धार्मिक मान्यता है कि बाबा बैद्यनाथ अपने द्वार पर आए श्रद्धालु को रोगमुक्त कर देते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, जब लंकापति रावण ने अपनी कठिन तपस्या के दौरान अपने नौ सिर काटकर भगवान शिव को अर्पित किए और दसवां सिर काटने लगा, तब भगवान शिव ने प्रकट होकर एक कुशल वैद्य की तरह उसके सभी कटे हुए सिर पुन: जोड़ दिए। तभी से उन्हें बैद्यनाथ कहा जाने लगा। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से प्रार्थना करने पर असाध्य शारीरिक और मानसिक रोगों से श्रद्धालुओं को मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं के बीच यह शिवलिंग कामना लिंग के रूप में भी प्रसिद्ध है। आध्यात्मिक मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्ची श्रद्धा और निस्वार्थ भाव से यहां आकर शिवलिंग पर जल अर्पित करता है, भगवान शिव उसकी हर सात्विक मनोकामना पूरी करते हैं।



शिव और शक्ति का अद्भुत मिलन

सती माता के आत्मदाह के बाद जब भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से उनके पार्थिव शरीर के खंड खंड किए, तो माता सती का हृदय इसी स्थान पर गिरा था, इसलिए इसे हृदय पीठ भी कहा जाता है और यह पीठ 51 शक्तिपीठों में एक प्रमुख स्थान रखती है। भगवान शिव और शक्ति के इस एकाकार स्वरूप को दर्शाने के लिए यहां गठजोड़वा की अनोखी परंपरा निभाई जाती है। प्रतिदिन शाम को बाबा बैद्यनाथ मंदिर और सामने स्थित माता पार्वती मंदिर के शिखरों को एक पवित्र लाल धागे से आपस में बांधा जाता है, जो शिव और शक्ति के अटूट बंधन का प्रतीक है। सामान्यत: सभी शिव मंदिरों के शिखर पर त्रिशूल लगा होता है, लेकिन बाबा बैद्यनाथ मंदिर के शीर्ष पर पंचशूल स्थापित है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह पंचशूल मानव शरीर के पांच विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार पर विजय और पंचतत्वों के संतुलन का प्रतीक है, जिसे मंदिर और भक्तों का सुरक्षा कवच भी माना जाता है।

जब स्वत: स्थापित हो गए भगवान शिव

त्रेतायुग में लंकापति रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की थी। रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने रावण को आत्मलिंग प्रदान किया और कहा कि इसे रास्ते में कहीं भी जमीन पर नहीं रखना है, अन्यथा यह वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण उस आत्मलिंग को लेकर लंका जा रहा था, तभी देवताओं ने एक चाल चली और श्री गणेश ने चरवाहे का रूप धारण कर लिया। देवघर पहुंचते ही रावण को लघुशंका लगी और उसने वह शिवलिंग थोड़ी देर के लिए चरवाहे को थमा दिया। चरवाहे ने आत्मलिंग को भारी होने के कारण जमीन पर रख दिया। रावण जब लौटकर आया तो उसने पूरी ताकत से शिवलिंग को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी जगह से नहीं हिला और हमेशा के लिए वहीं स्थापित हो गया। इसी बैजू नामक चरवाहे के नाम पर इस स्थान का नाम बैद्यनाथ धाम पड़ा है। यह कथा दर्शाती है कि ईश्वर भक्ति से प्रसन्न होते हैं, न कि अहंकार से। अहंकार और स्वार्थ के वशीभूत होकर कोई भी व्यक्ति परमात्मा को अपनी इच्छा से बांध नहीं सकता।

आत्म-शुद्धि का मार्ग

हर वर्ष श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर 105 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचते हैं और भगवान बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं। बोल बम के जयघोष के साथ की जाने वाली यह कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण, धैर्य और अहंकार के त्याग की कठिन आध्यात्मिक साधना है। इस यात्रा में अमीर-गरीब, छोटे-बड़े का भेद मिट जाता है और हर यात्री स्वयं को शिव रूपी बम मानकर समभाव से आगे बढ़ता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि बाबा बैद्यनाथ धाम केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि रोग, शोक और सांसारिक तापों से मुक्ति दिलाने वाला एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र है, जहां शिव और शक्ति की संयुक्त कृपा से भक्तों को आंतरिक शांति और मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति हैं)

चुनावी तैयारी में जीजान से जुट जायें कार्यकर्ता

कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। आगामी विधान सभा चुनावों को देखते हुए चौबट्टाखाल विधान सभा के बीरोंखाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने सहित आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। बीरोंखाल ब्लाक अध्यक्ष जगदीश बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांग्रेस के चौबट्टाखाल विधान सभा प्रभारी बलवीर सिंह रावत ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार भाजपा शासन में महिला अत्याचारों में उत्तराखंड पहले पायदान पर पहुंच गया है। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जंगली जानवरों का आतंक चरम पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, भाजपा सरकार की शासन की प्रशासनिक क्षमता में अनुभवहीनता के कारण जनता परेशान है और उत्तराखंड में सत्ता परिवर्तन के मूड में है। कहा कि इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जन-जन से संपर्क कर आजादी के संघर्ष से आज तक जनमुद्दों के लिए संघर्ष कर रही पार्टी की विरासत का स्मरण कराते हुए पार्टी को सत्ता में लाने के लिए काम करें। तत्पश्चात प्रदेश सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। हस्ताक्षरित पत्र 23 नवंबर को लोकभवन देहरादून में प्रदेश के राज्यपाल को सौंपा जाएगा। बैठक में कांग्रेस मैनिफेस्टो समिति के संयोजक डॉ.प्रेम बहुखंडी , पूर्व अध्यक्ष महिपाल शाह, कुलदीप सिंह नेगी, संदीप गुसाईं, बचन सिंह नेगी, विमल सिंह कोहली और देवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



चौबट्टाखाल विधान सभा के बीरोंखाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते विधान सभा प्रभारी बलबीर सिंह रावत।

अभी तक मेडिकल कालेज का निर्माण नहीं कराया

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने इस पर रोष जताया

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण सहित अन्य समस्याओं का समाधान न होने पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। विकास के नाम पर केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता।

कालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान नेताओं ने कोटद्वार की जनता से मेडिकल कालेज निर्माण सहित कई विकास कार्यों के वादे किये थे। लेकिन, पांच वर्ष का कार्यकाल बीतने को है और क्षेत्र की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। मेडिकल कालेज निर्माण की दिशा में भी अब तक कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आई है। आरोप लगाया कि निर्माण के लिए चिह्नित भूमि भी अवैध खनन की भेंट चढ़ गई है। दूसरी ओर नगर निगम के सभी वार्डों में आवारा पशुओं की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है, जंगली जानवरों और बंदरों के आतंक से आम जन त्रस्त हैं। अतिक्रमण की समस्या का भी समाधान नहीं हो पाया है। कहा कि शासन प्रशासन को इस संबंध में ठोस नीति बनाकर कार्रवाई करनी चाहिए।

बैठक में परिषद के संरक्षक गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, देवेंद्र सिंह नेगी, संजय असवाल, वीरेंद्र रावत और दलवीर नेगी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अपनी मांगों को लेकर, आशा कार्यकर्ता गईं हड़ताल पर

आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कोटद्वार (चिंगारी)। मानदेय में बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर उत्तराखंड आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता यूनियन ने बुधवार से हड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने के क्रम में 18 से 20 नवंबर तक राज्य सचिवालय में प्रस्तावित कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय भी लिया है। दुगड्डा ब्लॉक अध्यक्ष प्रभा चौधरी ने बताया कि यूनियन ने नौ नवंबर को स्वास्थ्य महानिदेशक को नोटिस भेजकर आंदोलन की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि तीन मार्च 2024 को मुख्यमंत्री ने आशाओं के प्रतिनिधिमंडल को मानदेय बढ़ाने का आश्वासन दिया था। इसके लिए हाईपावर कमेटी भी गठित की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कई बार आंदोलन करने के बावजूद मांगों की अनदेखी की जा रही है। यूनियन की प्रमुख मांगों में तीन हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय और 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि की वृद्धि, पीएफ और ईएसआई की सुविधा शामिल हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर पेंशन, पांच लाख रुपये की एकमुश्त सहायता और स्वास्थ्य केंद्रों में आशा घर बनाने की मांग भी उठाई गई है। यूनियन ने आशाओं को कर्मचारी घोषित कर सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने और श्रमिक सम्मेलन के 46वें अधिवेशन की सिफारिशें लागू करने की मांग की है। चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई न होने पर राज्य सचिवालय में चेतावनी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समस्त प्रदेश की आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मिलित होकर अपने हक की आवाज बुलंद करेंगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

अयोध्या यात्रा से पूर्व अपना पक्ष प्रस्तुत करें अखिलेश यादव : रसिक महाराज

ऋषिकेश (चिंगारी)। रायवाला सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को यह समझना चाहिए कि अयोध्या केवल एक धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था, श्रद्धा, त्याग और बलिदान की पवित्र भूमि है। वर्ष 1990 में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कारसेवकों पर हुई गोलीबारी की घटनाओं को सनातन समाज आज भी भूला नहीं है। जिन परिवारों ने अपने बेटों और अपनों को खोया, उनके घाव आज भी हरे हैं। ऐसे में अतीत की इन घटनाओं के प्रति संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी दिखाना आवश्यक है। हमारी अखिलेश यादव से दो टूक मांग है कि अयोध्या की पवित्र धरती पर राजनीतिक यात्रा करने से पहले वे 1990 की घटनाओं को लेकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करें, कारसेवकों के पीड़ित परिवारों से मिलें और सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करें। अयोध्या किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं है। भगवान श्रीराम की नगरी में सभी का स्वागत है, लेकिन आस्था के साथ राजनीति और सनातन समाज की भावनाओं की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती सनातन समाज के धैर्य को उसकी कमजोरी न समझा जाए। संत समाज और धर्मप्रेमी जनता अपनी धार्मिक अस्मिता, आस्था और इतिहास के सम्मान के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी ओउन्होने कहा कि बलिदानी कारसेवकों का सम्मान, पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना और सनातन समाज से क्षमा याचना, उसके बाद अयोध्या में राजनीतिक यात्रा एवं श्रीराम के नाम पर राजनीति करने से पहले श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भक्तों के बलिदान का सम्मान करना सीखना होगा ।

श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भजन संध्या कल

कोटद्वार (चिंगारी)। श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर कल 14 नवंबर को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं मध्य रात्रि जन्मोत्सव के अवसर केक काटकर जन्मदिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में रुद्रपुर से पधारे भजन गायक शुभम सक्सेना और रुड़की से पधारे दिनेश बजरंगी भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का बखान करेंगे। यह जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी संजय मित्तल ने स्थानीय लोगों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

आपदा राहत राशि बढ़ाने के निर्णय पर उत्तराखंड में सियासत हुई तेज

कांग्रेस ने उठाए सवाल, भाजपा ने किया पलटवार

देहरादून (चिंगारी)। केंद्र सरकार की ओर से आपदा प्रभावितों को दी जाने वाली राहत राशि में बढ़ोतरी के फैसले पर उत्तराखंड में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने बढ़ाई गई सहायता राशि को नाकाफी बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं, वहीं भाजपा ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कांग्रेस पर पलटवार किया है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि आपदा में किसी व्यक्ति की मौत होने पर उसके परिवार को आठ लाख रुपये की सहायता देना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी इंसान की जिंदगी की कीमत महज आठ लाख रुपये हो सकती है? प्रतिमा सिंह ने कहा कि सरकार को राहत राशि बढ़ाने के साथ-साथ आपदा रोकथाम पर भी गंभीरता से काम करना चाहिए। उन्होंने पहाड़ों में हो रहे अनियोजित विकास, अवैध निर्माण और भूमाफियाओं के बढ़ते दखल को भी आपदाओं का बड़ा कारण बताया। वहीं, कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी ने पलटवार किया। उन्होंने केंद्र सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राहत राशि में बढ़ोतरी से आपदा प्रभावितों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा के बाद जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब राहत मानकों में बढ़ोतरी क्यों नहीं की गई? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को सरकार के फैसले पर सवाल उठाने के बजाय अपने कार्यकाल का जवाब देना चाहिए।



डॉ. प्रतिमा सिंह — मथुरा दत्त जोशी

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने आपदा में मृत्यु होने पर मिलने वाली अनुग्रह सहायता राशि चार लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दी है। इसके साथ ही आपदा में घायल होने, मकान और अन्य संपत्तियों के नुकसान पर मिलने वाली सहायता राशि के मानकों में भी बढ़ोतरी की गई है।

इस फैसले के बाद प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। कांग्रेस जहां आपदा रोकथाम और पहाड़ों में सुरक्षित विकास की जरूरत बता रही है, वहीं भाजपा राहत राशि में बढ़ोतरी को केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

काशी बनी कमाई का बड़ा केंद्र

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। वाराणसी की पहचान सदियों से धर्म, संस्कृति और आध्यात्म की नगरी के रूप में रही है। गंगा के घाट, काशी विश्वनाथ मंदिर, मां अन्नपूर्णा का धाम और यहां की प्राचीन परंपराएं देश-विदेश के श्रद्धालुओं को हमेशा आकर्षित करती रही हैं, लेकिन दिसंबर 2021 में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद बनारस के धार्मिक पर्यटन को एक नई गति मिली।

मंदिर परिसर के विस्तार, बेहतर सुविधाओं, सुगम आवागमन और पर्यटन से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। इसका असर केवल मंदिर और घाटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। धार्मिक पर्यटन आज वाराणसी में रोजगार और कारोबार का एक बड़ा आधार बन चुका है। नाविकों से लेकर दुकानदारों तक, होटल



संचालकों से लेकर टूरिस्ट गाइड और ट्रैवल एजेंसियों तक, हजारों लोगों की रोजी-रोटी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटकों पर निर्भर हो गई है। बनारसी साड़ी, हस्तशिल्प, स्थानीय खानपान, परिवहन और होटल उद्योग को भी इसका लाभ मिल रहा है, यानी काशी में बढ़ते श्रद्धालुओं की आमद ने आस्था के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई पहचान दी है। पिछले कुछ सालों

धार्मिक पर्यटन से हजारों लोगों को मिला रोजगार

में धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में धार्मिक पर्यटन तेजी से बड़ा है, जिसके पीछे बड़ी वजहों में काशी विश्वनाथ धाम जिसे विश्वनाथ कॉरिडोर भी कहते हैं का निर्माण, यहां मिलने वाली सुविधाएं, गंगा आरती, नमो घाट और वाराणसी का विकास और देशभर से आसान कनेक्टिविटी है। इसका सीधा फायदा बनारस के छोटे-बड़े कारोबारियों को मिल रहा है। गंगा में नाव चलाने वाले नाविकों को पहले की अपेक्षा अधिक सवारियां मिल रही हैं। घाटों पर नाव की बुकिंग, गंगा आरती देखने और नौका विहार की मांग बढ़ने से उनकी आमदनी के अवसर बढ़े हैं, विश्वनाथ मंदिर और आसपास के इलाकों में फूल-माला, प्रसाद, पूजा सामग्री, धार्मिक वस्तुओं, बनारसी साड़ी और हस्तशिल्प की दुकानों पर भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। इसके साथ ही होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे, रेस्टोरेंट, ई-रिक्शा, टैक्सी, ट्रैवल एजेंसियों और टूरिस्ट गाइड के काम में भी तेजी आई है। पर्यटन क्षेत्र में नये होटल और ठहरने की सुविधाएं विकसित होने से निर्माण, सफाई, खानपान, सुरक्षा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। स्थानीय युवाओं के लिए गाइड, टूर ऑपरेटर और पर्यटन से जुड़ी सेवाओं में काम करने की संभावनाएं बढ़ी हैं। इसका लाभ केवल विश्वनाथ धाम तक सीमित नहीं है, बल्कि दशाश्वमेध, अस्सी, नमो घाट, सारनाथ, संकटमोचन और दुर्गाकुंड जैसे पर्यटन स्थलों तक भी पहुंचा है।

मुसलमान ने शिक्षा का मंदिर बना दिया, यही गलती हुई- आजम खान

रामपुर (एजेंसी/चिंगारी)। विशेष न्यायाधीश (पीएमएलए) कोर्ट नंबर एक ने आजम खान को चार दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत में भेज दिया है। यह हिरासत 12 नवंबर की शाम 4:30 बजे से 16 नवंबर की शाम 4:30 बजे तक प्रभावी रहेगी। ईडी की टीम रात करीब आठ बजे आजम को डासना जेल से लेकर रवाना हो गई। इस दौरान आजम खान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बच्चों को पढ़ाने का गुनाह किया है। यूनिवर्सिटी बनाई, स्कूल बनाए, शिक्षा का मंदिर मुसलमान ने बना दिया, यही गलती हुई। आपको बता दें मामला जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े 426 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ा है। ईडी ने आजम खान को रामपुर जेल से रिहाई के बाद 30 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। गाजियाबाद स्थित विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) अदालत ने उन्हें



14 दिनों की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया। ईडी के अफसरों ने कोर्ट में आजम खान से पूछताछ के लिए रिमांड अर्जी दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक अदालत ने रिकॉर्ड देखने के बाद पाया कि आरोपी से धन के व्यापक लेनदेन का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं





